लखनऊ। मतदान बढ़ाने के उद्देश्य से शनिवार को नगर निगम की ओर से चुनावी पाठशाला का आयोजन हुआ। नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70% मतदान का लक्ष्य है। सभी जोन में पाठशाला का आयोजन कर मतदाताओं को जागरूक किया गया। (माई सिटी रिपोर्टर)

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० हिन्दुस्तान लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# ड्यूटी में कोताही पर 12 निलंबित

मेरठ। चुनाव ड्यूटी के दौरान शराब पीने, नशे में आपस में मारपीट करने के आरोप में फलावदा नगर पंचायत के 12 कर्मचारियों को तत्काल प्रभाव से निलंबित कर दिया गया है। यह कार्रवाई नगर पंचायत फलावदा के अधिशासी अधिकारी सचिन पंवार ने की है। आरोपी 12 कर्मचारियों को निलम्बन पत्र जारी किए हैं। चेतावनी दी गई है कि जांच के दौरान दोषी मिलने पर सेवाएं समाप्त करने की कार्रवाई अमल में लाई जाएगी। नगर पंचायत के अधिशासी अधिकारी ने यह कार्रवाई अपर जिलाधिकारी द्वारा 24 अप्रैल को जारी पत्र के अनुपालन में की है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० अमर उजाला लखनऊ ........ दिनांक ........ 28 APR 2024

# मतगणना में गड़बड़ी हुई तो कलेक्टर की लाश बाहर जाएगी : सपा प्रत्याशी

**बलिया लोकसभा सीट से प्रत्याशी सनातन पांडेय ने दी धमकी**

**बलिया।** बलिया लोकसभा सीट से सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय ने शनिवार को विवादित बयान दिया। इसका वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। उनका कहना है कि इस बार मतगणना में गड़बड़ी हुई तो कलेक्टर (डीएम) या फिर सनातन पांडेय की लाश बाहर जाएगी। भाजपा ने इसे आचार संहिता का उल्लंघन बताया और कहा कि डीएम को सीधे धमकी दी गई है। मामले में प्रभावी कार्रवाई होनी चाहिए।

सपा प्रत्याशी ने कुछ मीडिया कर्मियों से बात की है। उन्होंने कहा कि इस चुनाव में जनता ने विजयी बनाया तो कोई नहीं रोक पाएगा। मतगणना में किसी तरह की धांधली की गई तो वहां से या तो मेरी लाश निकलेगी या कलेक्टर यानी डीएम की लाश निकलेगी।

वर्ष 2019 के लोकसभा चुनाव में सनातन पांडे सपा-बसपा गठबंधन से चुनाव लड़ा था। तब भाजपा प्रत्याशी वीरेंद्र सिंह मस्त से लगभग 15000 मतों से हार का सामना करना पड़ा था। संवाद

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै०राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# 55 हजार मतदाताओं को उपलब्ध कराए निर्वाचन कार्ड

**लखनऊ (एसएनबी)।** लोस चुनाव को लेकर जैसे-जैसे तारीख नजदीक आ रही है। चुनाव आयोग व प्रशासन अपनी तैयारियों को समय से पहले पूरी करने की कवायद में पूरी तरह से जुटा हुआ है। किसी भी चुनाव में मतदाताओं को मतदान करने के लिये निर्वाचन कार्ड का होना बेहत जरूरी हो जाता है। जिसको लेकर आयोग ने ससमय मतदाताओं को निर्वाचन उपलब्ध कराने के लिये उन्हे जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। जिला निर्वाचन सहायक अभय किशोर ने बताया कि जिन मतदाताओं ने 25 अक्टूबर से 14 जनवरी 2024 तक निर्वाचन कार्ड के लिये आवेदन किया है। उन सभी के निर्वाचन कार्ड को आयोग के द्वारा जारी करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। अब तक जिले के 55 हजार मतदाताओं के निर्वाचन कार्ड दिये गये है।

**जिले में 39 लाख 70 हजार से अधिक हैं मतदाता**

उन्होने बताया कि जिले में 39 लाख 70 हजार से अधिक मतदाता है। वर्तमान में मतदाताओं को जोड़ने की प्रक्रिया की तिथि खत्म हो गयी है। लिहाजा 14 जनवरी तक जिन मतदाताओं ने निर्वाचन कार्ड के लिये आवेदन किया था। उन्हे कार्ड वितरित करने की कार्रवाई तेजी से की जा रही है। मतदाताओं का पुनरीक्षण कार्यक्रम 23 अप्रैल तक चलाया गया। जिसमें युवा मतदाताओं ने काफी रूचि दिखयी है। वहीं लगातार पर्ची बांटने का काम बूथ स्तर पर लगातार किया गया। उन्होने बताया इस लोस चुनाव में मतदान करने के लिये निर्वाचन आयोग ने आईडी के रूप में 12 विकल्प जारी किया है। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, बैंक व डाकघर से फोटो के साथ पासबुक आदि शामिल है। वहीं उन्होने बताया कि जिन पुराने मतदाताओं का निर्वाचन कार्ड नही बन पाया है वह लोग फार्म-8 को भरकर आवेदन कर सकते है।

**मतदान प्रतिशत बढ़ाने को लेकर मतदाता जागरूकता अभियान चला :** जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार के निर्देशन में विभिन्न गतिविधियॉं संचालित हुयी। भारत निर्वाचन आयोग के स्वीप कार्यक्रम के अंतर्गत मतदाताओं को जागरूक करने के उद्देश्य से मॉडर्न इंडिया स्कूल राजाजीपुरम में पेरेंट्स टीचर व प्रबुद्ध व्यक्तियों के उपस्थिति में मतदाता जागरूकता पाठशाला का आयोजन हुआ। वहीं अयोध्या रोड स्थित नगर निगम डिग्री कॉलेज परिसर में सीडीओ अजय जैन ने मतदाता जागरूकता अभियान के अन्तर्गत कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम श्री जैन महाविद्यालय के नवीन मतदाताओं के मतदाता कार्ड वितरित करते हुए समस्त छात्र/छात्राओं का आह्वान किया कि 20 मई 2024 को लोकसभा निर्वाचन में अपने घर, मोहल्ले एवं आस-पास के सभी मतदाताओं को हर सम्भव जागरूक करने का प्रयास करें। जिससे मतदान के प्रतिशत को बढ़ाया जा सके। इस अवसर पर लोगों को मतदाता शपथ भी दिलाया गयी।

**एनडीआरएफ टीम ने शिक्षकों को दिया प्रशिक्षण :** राष्ट्रीय आपदा मोचन बल व जिला आपदा प्रबन्धन प्राधिकरण, कलेक्ट्रेट, ने पंडित दीन दयाल उपाध्याय राजकीय महिला स्नातकोत्तर महाविद्यालय, राजाजीपुरम, सभागार में आपदा प्रबंधन व हीटवेव पर समुदाय आधारित जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें कॉलेज परिसर की प्राचार्या, अध्यापिकाओं तथा छात्राओं को विभिन्न प्रकार की आपदाओं से बचने व समुदाय को जागरूक किये जाने के सम्बन्ध में एनडीआरएफ के प्रशिक्षित दल ने शिक्षकों को प्रशिक्षण प्रदान किया गया। साथ ही छात्राओं के माध्यम से प्रदर्शन करते हुए आपदा से बचाव के उपायों को सिखाया गया, जिसमें मुख्यतः वर्तमान में चल रही हीटवेव व बाढ़, अग्निकांड, सर्पदंश, डूबने की घटनाएं, आकाशीय विद्युत, भूकम्प, अतिवृष्टि आदि के बारे में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। जिला प्रशासन, के द्वारा विभिन्न प्रकार की दैवीय आपदाओं एवं भारत सरकार व राज्य सरकार द्वारा घोषित आपदाओं में हुए प्रभावित / मृत व्यक्तियों के आश्रितों को नियमानसार / शासनादेश के अनुसार प्रदान की जाने वाली आर्थिक व सहायता धनराशि के बारे में विस्तारपूर्वक बताया गया व जनपद स्तर पर संचालित इमरजेन्सी ऑपरेशन सेन्टर / कन्ट्रोल रूम में संचालित टोल फ्री नम्बर-1077, 0522-2615195 के बारे में बताया गया।

**मतदान के प्रति किया जागरुक :** लखनऊ में न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। इस दौरान नागरिकों, अधिकारियों, कर्मचारियों, छत्र-छात्राओं ने शपथ लेकर मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरूक करने का निर्णय लिया।

वोटर ध्यान दें

## ऐसे कर सकते हैं वोटिंग

ईवीएम से मतदान बेहद आसान है। मतदान कक्ष में प्रवेश करते ही मतदान अधिकारी बैलट यूनिट चालू करता है। रेडी लाइट जलने लगती है। इसके बाद आप बैलट यूनिट पर अपनी पसंद के प्रत्याशी और चुनाव निशान के सामने नीला बटन दबाएं। ऐसा करते ही लाल बत्ती जल उठेगी। फिर बाद वीवीपैट से चुने गए प्रत्याशी का नाम, चुनाव निशान की पर्ची निकल आएगी। कंट्रोल यूनिट से बीप की आवाज का मतलब है कि वोट सफलतापूर्वक पड़ गया है।

**-अभय किशोर, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी**

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० हिन्दुस्तान लखनऊ.... दिनांक 28 APR 2024

## राजनाथ सिंह आज आएंगे कल नामांकन करेंगे



रक्षामंत्री राजनाथ सिंह रविवार को देर रात लखनऊ पहुंचेंगे। भाजपा महानगर अध्यक्ष आनंद द्विवेदी ने बताया कि रक्षा मंत्री रविवार रात 10 बजे एयरपोर्ट पहुंचेगे। यहां से वह सीधे कालिदास मार्ग स्थित आवास जाएंगे। अगले दिन 29 अप्रैल को सुबह 10 बजे भाजपा प्रदेश मुख्यालय पहुंचेंगे। दोपहर करीब 12 बजे कलेक्ट्रेट कार्यालय में नामांकन पत्र दाखिल करेंगे। 30 को सुबह 10:20 बजे रवाना हो जाएंगे।

# 'मतगणना में धांधली हुई तो मेरी लाश निकलेगी या कलेक्टर की'

**विगड़े बोल**

- बलिया में सपा प्रत्याशी सनातन पांडेय ने दिया विवादित बयान
- डीएम ने कहा- कराएंगे जांच

जागरण संवाददाता, बलिया : समाजवादी पार्टी के प्रत्याशी सनातन पांडेय के बिगड़े बोल शनिवार को चर्चा में रहे। कलेक्ट्रेट में डा.भीमराव आंबेडकर की प्रतिमा पर माल्यार्पण करने पहुंचे सनातन पांडेय ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि जनता ने चुनाव हरा दिया तो मैं हार मान लूंगा, लेकिन मतगणना में इस बार किसी तरह की धांधली की गई तो यहां से या मेरी लाश निकलेगी या कलेक्टर की।

इस बयान के संबंध में उन्होंने कहा कि 2019 के चुनाव में जनता ने मुझे जिता दिया था, लेकिन सरकार और प्रशासन के लोगों ने मतगणना में मुझे हरा दिया। मैं जहां भी जा रहा हूं, समर्थक यही बोल रहे हैं कि इस बार भी हरा दिए जाएंगे तो क्या होगा। इसी सवाल के जवाब में मैंने कहा कि यदि लोकतांत्रिक तरीके से जनता ने उन्हें हरा दिया तो वह हार मान लेंगे। इस बार मतगणना में किसी तरह की गड़बड़ी की गई तो मेरी या कलेक्टर की लाश निकलेगी।

उन्होंने कहा कि यह मेरा अंतिम चुनाव है, इसलिए किसी तरह की धांधली बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जिलाधिकारी रवींद्र कुमार ने ऐसी किसी धमकी से इन्कार किया है। उन्होंने कहा कि धमकी फोन पर या आमने-सामने दी जाती है। सड़क पर कोई क्या बोल दे रहा है, यह धमकी की श्रेणी में नहीं आता। बहरहाल, मामले की जांच कराएंगे कि सपा प्रत्याशी ने कहां और क्या कहा है।

**सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ**

समाचार पत्र का नाम ......दैनिक जागरण लखनऊ...... दिनांक 28 APR 2024

## सीडीओ ने वितरित किए मतदाता पहचान पत्र



मतदाता जागरूकता संकल्प बोर्ड पर हस्ताक्षर करते अजय जैन कालेज • सौ. कालेज

जासं, लखनऊ : अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कालेज में शनिवार को राष्ट्रीय सेवा योजना की तीनों इकाइयों के संयुक्त तत्वावधान में मतदाता जागरूकता अभियान कार्यक्रम का आयोजन किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में मुख्य विकास अधिकारी अजय जैन उपस्थित रहे। उन्होंने कालेज के नवीन मतदाताओं के मतदाता कार्ड वितरित करते हुए सभी छात्र-छात्राओं से 20 को होने वाले लोक सभा चुनाव के लिए अपने घर, मोहल्ले एवं आसपास के सभी मतदाताओं को जागरूक करने का आह्वान किया। इस अवसर पर सभी मतदाताओं को वोटर बनने के लिए सभी आनलाइन-आफलाइन प्रक्रिया भी बताई गई। प्राचार्य डा. सुभाष चन्द्र पांडेय ने एक वोट की कीमत बताते हुए कहा कि हम सभी को मतदान को एक राष्ट्रीय पर्व के रूप में लेते हुए सही व्यक्ति को चुनना चाहिए। कार्यक्रम में नुक्कड़ नाटक का प्रदर्शन भी किया गया। मुख्य अतिथि ने छात्र-छात्राओं, शिक्षक, कर्मचारियों को मतदाता शपथ भी दिलाई। कार्यक्रम अधिकारी डा. सादिया, डा. आशा पाल, डा. उपेंद्र कुमार ने भी प्रतिभाग किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक 28 APR 2024

# पहले दो चरण की वोटिंग में सहारनपुर सबसे आगे

मेरठ, मुख्य संवाददाता। लोकसभा के पहले और दूसरे चरण के चुनाव में पश्चिम उत्तर प्रदेश का सहारनपुर मतदान प्रतिशत में टॉप पर रहा है, जहां सबसे अधिक 65.95 फीसदी मतदान हुआ। वहीं दूसरे नंबर पर अमरोहा रहा, जहां दूसरे चरण में 64.02 फीसदी मतदान रिकार्ड हुआ। वैसे 2019 के मुकाबले सभी सीटों पर मतदान कम हुआ।

उत्तर प्रदेश में अब तक दो चरणों में आठ-आठ सीटों पर मतदान हो चुका है। 2019 में भी इसी तरह आठ-आठ सीटों का पहला और दूसरा चरण हुआ था। हालांकि 2019 और 2024 में सीटें अलग-अलग थी। इस बार 19 अप्रैल को पहले चरण में आठ सीटों पर मतदान हुआ था, जिसमें सबसे अधिक मतदान सहारनपुर में 65.95 प्रतिशत रिकार्ड हुआ। सहारनपुर में यह मतदान प्रतिशत दोनों चरणों में सर्वाधिक रहा। जहां पहले चरण में सबसे अधिक मतदान सहारनपुर में हुआ था तो सबसे कम मतदान का रिकार्ड रामपुर में 54.71 फीसदी रिकार्ड हुआ।

दूसरे चरण में सबसे अधिक मतदान अमरोहा में 64.02 प्रतिशत रहा। वहीं, सबसे कम मतदान मथुरा में 49.29 प्रतिशत रहा। दूसरे चरण में मेरठ मंडल में सर्वाधिक मतदान का रिकार्ड मेरठ लोकसभा सीट का रहा है, जहां 58.94 फीसदी वोट पड़े। हालांकि 2019 के चुनाव से यह कम है।

**65.95** फीसदी मतदान हुआ था सहारनपुर में लोकसभा चुनाव के पहले चरण में

**64.02** फीसदी मतदान के साथ अमरोहा शीर्ष पर रहा मतदान के दूसरे चरण में

## मेरठ में करीब 41 फीसदी मतदाता विमुख रहे

मेरठ में करीब 41 फीसदी मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा नहीं लिया। 20 लाख 530 मतदाताओं में से कुल 11 लाख 79 हजार 121 मतदाताओं ने मतदान में हिस्सा लिया। जिले में सर्वाधिक मतदान प्रतिशत 61.88 प्रतिशत किठौर का रहा। सबसे कम मतदान प्रतिशत 55.78 प्रतिशत मेरठ कैंट का रहा। आठ लाख 21 हजार 409 मतदाता घर से मतदान करने नहीं निकले।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० हिन्दुस्तान लखनऊ...... दिनांक ...28 APR 2024...

## सार्वजनिक स्थानों से प्रचार सामग्री हटाई

लखनऊ। आदर्श चुनाव आचार संहिता का अनुपालन सुनिश्चित कराने में अब तक सार्वजनिक एवं निजी स्थानों से 1,23,79,564 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। इसमें सार्वजनिक स्थानों से 75,58,114 तथा निजी स्थानों से 48,21,450 प्रचार-प्रसार सामग्री हटायी गयी। सार्वजनिक स्थानों से वालराइटिंग के 8,29,489 मामलों में कार्यवाही की गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० हिन्दुस्तान लखनऊ........ दिनांक 28 [illegible]

# प्रत्याशियों के खर्चों पर नजर रखेगी सात सदस्यीय टीम

लखनऊ, प्रमुख संवाददाता। लोकसभा चुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखने के लिए अलग से टीम गठित की गई है। निर्वाचन के लिए तैनात व्यय प्रेक्षक सुदीप दबस ने शनिवार को इस संबंध में बैठक की।

कलेक्ट्रेट सभागार में उन्होंने चुनाव से संबंधित अब तक हुए कार्यों की समीक्षा की। साथ ही सात सदस्यीय टीम खर्च पर नजर रखने के लिए बनाई है। इसमें जीएसटी, आबकारी और आयकर विभाग से एक एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है। इनके अलावा लीड बैंक मैनेजर को भी नोडल बनाया गया है। उनके अधीन लखनऊ और मोहनलालगंज के लिए तैनात किए गए सहायक व्यय प्रेक्षक कार्य करेंगे। साथ ही नियमित रूप से अपनी रिपोर्ट भी देंगे। नामांकन के बाद प्रत्याशियों की सक्रियता शुरू हो जाएगी। ऐसे में यह टीम इस बात पर नजर रखेगी कि कोई प्रत्याशी कहीं तय सीमा से अधिक खर्च तो नहीं कर रहा है, या कोई चुनावी खर्च छिपा तो नहीं रहा।

**कलेक्ट्रेट में बनाया गया विशेष कक्षः** कलेक्ट्रेट के प्रथम तल पर चुनाव प्रेक्षकों के लिए विशेष कक्ष बनाया गया है।

### इस नम्बर पर करें कॉल

चुनाव से संबंधित शिकायतों के लिए सूचना विभाग ने मोबाइल नम्बर **7839011886** जारी किया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० हिन्दुस्तान लखनऊ........ दिनांक 28 APR 2024

# चुनाव की पाठशाला में याद दिलाया मतदाता का कर्तव्य

लखनऊ। मतदाताओं को शपथ दिलाकर उनका कर्तव्य याद दिलाया गया। नगर निगम की ओर से सभी जोन और वार्डों में शनिवार को मतदाता जागरूकता कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। कोशिश है कि मतदान का प्रतिशत 70 फीसदी के पार पहुंचे। इसी क्रम में विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया। नगर निगम की ओर से चुनाव पाठशाला का आयोजन शहर के 60 से अधिक स्कूल कॉलेजों में किया गया।

**केकेसी में मिलेगी ट्रेनिंग:** केकेसी में 28 हजार से अधिक चुनावी ड्यूटी में तैनात कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाएगा। कॉलेज के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं। वहीं, शनिवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी ने मास्टर ट्रेनरों को प्रशिक्षण दिया।

**व्यापारियों ने मतदान की शपथ ली:** संयुक्त उद्योग व्यापार मंडल की ओर से सीतापुर रोड स्थित पुरनिया बाजार के व्यापारियों ने संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष अंजनी कुमार पांडेय की अगुवाई में शत प्रतिशत मतदान की शपथ ली। इस मौके पर संगठन के राष्ट्रीय महासचिव निलेश सिंह, विधि सलाहकार अश्वनी कुमार पांडेय, महिला प्रकोष्ठ राष्ट्रीय अध्यक्ष गुड़िया निगम, प्रदेश सचिव गौतम सिंह, क्षेत्रीय इकाई अध्यक्ष प्रवेश शुक्ला आदि रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० राष्ट्रीय सहारा लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# लोस चुनाव : सुरक्षा एजेंसियां अलर्ट

**सरोजनीनगर-लखनऊ (एसएनबी)।** लोकसभा के चौथे व पांचवे चरण में राजधानी के आसपास के जिलों में मतदान होना है। इसको लेकर एयरपोर्ट पर यात्रियों व नेताओं के आने-जाने की संख्या बढ़ जाएगी। एयरपोर्ट प्रशासन इसकी तैयारी में जुटा है। उधर सुरक्षा व जांच एजेंसियां भी सक्रिय हो चुकी है। शनिवार को यहां पहुंची सुरक्षा एवं जांच एजेंसियों के अधिकारियों ने कई वाहनों की चेकिंग की और उन्हें हिदायत भी दी।

चौथे व पांचवें चरण में राजधानी व आसपास के जिलों में होगा मतदान

उल्लेखनीय है कि लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में राजधानी की सीमा से जुड़े उन्नाव सहित कई जनपदों में मतदान होना है। राजधानी के आसपास के जनपदों में मतदान की तिथियां करीब आने पर यहां क्षेत्रीय नेताओं के साथ ही स्टार प्रचारको की भी संख्या बढ़ेगी। इस दौरान कुछ नेता व स्टार प्रचार नियमित उड़ानों से आएगे तो कुछ चार्टर्ड विमानों से राजधानी पहुंचेगें। इसको लेकर एयरपोर्ट प्रशासन ने विमानों को खड़े करने के लिए पार्किग के साथ ही जांच एजेसिंया भी सक्रिय हो गई है।



एफएसटी तथा एसएसटी टीमों ने शनिवार को एयरपोर्ट आने-जाने वालों पर नजर रखी और कुछ चार पहिया वाहनों को रोककर जांच-पड़ताल करने के साथ ही वाहन चालको से पूछतांछ की। सूत्रों के मुताबिक एयरपोर्ट के बाहर एफएसटी तथा एसएसटी टीमों को तैनात किया गया है। इन टीमों के सहयोग के लिए स्थानीय पुलिस को भी लगाया गया है। शनिवार को चले सघन जांच अभियान के दौरान किसी भी वाहन चालक के पास कोई संदिग्ध सामान नही मिला। एसएसटी की टीम वाहनों में चनाव प्रभावित करने वाली संदिग्ध वस्तुओं की जांच-पड़ताल की।

**दो दर्जन चार्टर्ड विमानों की पार्किंग की रहेगी व्यवस्था :** एयरपोर्ट सूत्रों की मानें तो एयरपोर्ट प्रशासन ने चनाव के मद्देनजर नेताओं एवं स्टार प्रचारकों के चार्टर्ड विमानों की पार्किंग को लेकर तैयारी कर रही है। बताया जाता है कि एयरपोर्ट यहां दो दर्जन हेलीकॉप्टर व चार्टर्ड विमानें की पार्किंग तैयार करने में जुटी है।

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# सामान्य, पुलिस व व्यय प्रेक्षकों ने नोडल अधिकारियों के साथ की बैठक

**बहराइच।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को स्वतन्त्र, निष्पक्ष एवं शान्तिपूर्वक सम्पन्न कराये जाने के उद्देश्य से भारत निर्वाचन आयोग द्वारा नियुक्त सामान्य प्रेक्षक अनिल राज राय, पुलिस प्रेक्षक के.एस. एस.वी. सुब्बारेड्डी व व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन की उपस्थिति में शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी मोनिका रानी की अध्यक्षता में आयोजित बैठक के दौरान सामान्य प्रेक्षक द्वारा निर्देश दिया गया कि मतदान केन्द्रों परमूलभूत सुविधाएं यथा शौचालय, पेयजल,विद्युतव्यवस्था, बाउण्ड्री वाल, रैम्प, फर्नीचर, खिड़कियों-दरवाज़ों, भवन की स्थिति, मतदान केन्द्र तक पहुँच मार्ग की व्यवस्था आयोग की मंशानुरूप चाक-चौबन्द रखी जाय प्रेक्षक श्री राय द्वारा इस बात पर प्रसन्नता व्यक्त की गई लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के मतदान में 65 प्रतिशत के लक्ष्य के साथ जिले में स्वीप कार्यक्रम संचालित किये जा रहे हैं। आयोग की मंशा भी यही है मतदान में शत-प्रतिशत मतदाता सम्मिलित हों। उन्होंने कहा कि जनपद में जिला निर्वाचन अधिकारी के नेतृत्व में जिले के अधिकारी टीम भावना के साथ कार्य कर रहे हैं। श्री राय ने सुझाव दिया कि कार्मिकों क्वालिटी बेस्ड प्रशिक्षण प्रदान किया जाय-ताकि वे अपने कार्य में पूरी तरह से दक्ष हो जाएं। श्री राय ने जनपद में निर्वाचन के लिए की गई तैयारियों पर संतोष व्यक्त किया। पुलिस प्रेक्षक श्री सुब्बारेड्डी ने कहा कि जनपद बहराइच की सीमा अन्तर्राष्ट्रीय (नेपाल) सीमा होने के कारण संवदेनशील अधिक है, ऐसी स्थिति में शान्ति व्यवस्था बनाये रखने के लिए सुरक्षा बल का दायित्व अधिक है। अन्तर्जनपदीय चेक पोस्टों पर सर्तकता बनाये रखने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक बृन्दा शुक्ला द्वारा बताया गया कि निर्वाचन को सम्पन्न कराने के लिए भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये निर्देशों का अनुपालन कराने हेतु बहराइच पुलिस कटिबद्ध है। निष्पक्ष चुनाव हेतु पर्देदार महिलाओं की पहचान हेतु प्रत्येक मतदेय स्थलों पर महिला पुलिस की तैनाती की जाएगी। 08 मई को जनपद में सीआरपीएफ व पीएसी जनपद में पहुंच जाएगी। सुरक्षा की दृष्टि से समस्त कार्यवाही पूर्ण कर ली गयी है व्यय प्रेक्षक श्री मुरूगन ने निर्वाचन के सम्बन्ध में जनपद स्तर पर की गयी निर्वाचन जैसे चुनौतीपूर्ण कार्य को सफलतापूर्वक सम्पन्न कराने के लिए टीम वर्क बहुत ज़रूरी है।

## डीएम के प्रयासों का बताया सराहनीय

आदर्श आचार संहिता व निर्वाचन व्यय अनुवीक्षण का अनुपालन सुनिश्चित करने के लिए निरन्तर सतर्कता बनाये रखनी होगी। बैठक के दौरान मुख्य विकास अधिकारी रम्या आर, उपजिला निर्वाचन अधिकारी गौरव रंजन श्रीवास्तव, मुख्य राजस्व अधिकारी देवेन्द्र पाल सिंह, अपर पुलिस अधीक्षक (नगर) रामानन्द कुशवाहा, नगर मजिस्ट्रेट शालिनी प्रभाकर, सीएमओ डॉ. राजेशकुमार, वरिष्ठ कोषाधिकारी नरोत्तम शरण, पुलिस क्षेत्राधिकारी नगर राजीव सिसोदिया, पीडी डीआरडीए राम कुमार सहित विभिन्न व्यवस्थाओं के लिए नियुक्त किये गये ।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

## CDO ने दी वोटर आईडी



अटल बिहारी वाजपेयी नगर निगम डिग्री कॉलेज में सीडीओ अजय जैन ने नए मतदाताओं को मतदाता कार्ड बांटते हुए मतदान करने की अपील की। इस दौरान प्राचार्य डॉ.सुभाष चन्द्र पाण्डेय ने मतदान दिवस को राष्ट्रीय पर्व के रूप में मनाने का आह्वान किया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० नवभारत टाइम्स लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# केकेसी में कल से ट्रेनिंग

■ **एनबीटी सं, लखनऊः** चुनाव ड्यूटी में लगे कर्मचारियों की ट्रेनिंग के लिए केकेसी डिग्री कॉलेज में हाईटेक सेंटर बनाया है। कॉलेज के 40 कमरों में शनिवार को स्मार्ट बोर्ड भी इंस्टॉल करवा दिए गए। यहां 29 अप्रैल से कर्मचारियों की ट्रेनिंग होगी। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने भी शनिवार को यहां तैयारी का जायजा लिया।

# स्मार्ट बोर्ड से मिलेगी मतदान कार्मिकों को हाइटिक ट्रेनिंग

**लखनऊ (एसएनबी)**। राजधानी में चुनाव 20 मई को हैं और इसमें मतदान कराने के लिए मतदान कार्मिकों को इस बार हाइटिक ट्रेनिंग की व्यवस्था की जा रही है। इसके लिए स्मार्ट बोर्ड की व्यवस्था की गयी है, जिसके जरिये मतदान कार्मिकों को हाइटिक ट्रेनिंग दी जाएगी। इसे लेकर शनिवार को कलेक्ट्रेट भवन स्थित एनआईसी रूम में जिलाधिकारी ने आला अधिकारियों के साथ स्मार्ट बोर्ड का प्रजेण्डेशन दिया। उन्होंने स्मार्ट बोर्ड पर प्रजेण्टेशन देते हुए चुनाव की गुत्थी सुलझायी।



स्मार्ट बोर्ड्स पर मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को मास्टर ट्रेनिंग देंगे। इसके लिए स्मार्ट बोर्ड की बारीकियों से रूबरू कराया गया। बतादें कि केकेसी के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाये गये हैं। 29 अप्रैल से मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग शुरू की जा रही है। इसकी तैयारियों को लेकर डीएम ने ट्रेनिंग के मद्देनजर ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया।

**घटघटा बाबा तीर्थस्थल पर की बैठक :** माल संवाददाता के अनुसार मोहनलालगंज के भाजपा प्रत्याशी द्वारा आज घटघटा बाबा तीर्थ स्थल माल में आयोजित बैठक में भाजपा प्रत्याशी कौशल किशोर ने उपस्थित भारी संख्या में भाईयो बहनों को संबोधित किया और 20 मई को होने वाले मतदान में हर बूथ में कमल खिलाने और रिकार्ड मतों से भाजपा को हर बूथ में विजयी बनाकर फिर से मोदी सरकार बनाने की अपील की। इस मौके पर विकास किशोर, उमाशंकर त्रिपाठी , रामकुमार राही, देवेंद्र सिंह , रवि द्विवेदी , दक्षपाल सिंह , तरुण कुमार , अनवर अहमद प्रधान, अनिल सिंह प्रधान , अरविंद यादव प्रधान, संजीव सिंह बूथ अध्यक्ष, मनोज गुप्ता, बसंतपुर पुष्पा सिंह, नीतू सिंह समेत अन्य पदाधिकारी मौजूद थे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 28 APR 2024



# UP: Lack of enthusiasm or disconnect, wonder parties

BISWAJEET BANERJEE ■ LUCKNOW

In the second phase of polling, Uttar Pradesh witnessed a dismal turnout of just 54.85 per cent, the lowest in the country, sparking concerns among senior leaders of the Bharatiya Janata Party (BJP) and the Samajwadi Party (SP) regarding the lack of voters' enthusiasm.

A senior BJP leader, who extensively toured various regions including Chhattisgarh, Madhya Pradesh, and western UP, expressed bewilderment over the noticeable absence of interest among voters. "The enthusiasm is missing this time among the voters, and this has made our work very difficult to ascertain which side the wind is blowing," he stated.

His sentiments were mirrored by a lawmaker from the SP, who emphasised the low polling percentages as indicative of the prevalent disinterest among voters.

Despite vigorous campaign efforts, such as the BJP's slogan "Iss baar 400 paar" (This time, beyond 400) and SP's assertions of sweeping victories by the "INDIA Bloc," both parties find themselves confronted with a stark reality - a palpable absence of enthusiasm among the electorate. Even with the Election Commission distributing 1.66 crore voter slips to households five days before the elections, there seems to be a disconnect. The number of eligible voters in the second phase of LS polls stands at 1.67 crore.

Delving deeper into the issue, the BJP leader highlighted the detrimental impact of this lack of enthusiasm on party workers, noting, "there has to be a reaction to some action. This action is missing. Even the Muslims are silent. We know they will not vote for BJP, but there is no perceptible reaction from the members of the minority community. This has resulted in a lack of interest".

The SP has taken a cautious approach regarding Muslim and minority welfare, with one of its candidates from central UP stating a deliberate avoidance of meetings in Muslim-dominated areas. "This may give a reason to BJP to react and ultimately polarize the election," the candidate explained, echoing concerns raised by BJP lawmakers regarding the silence of Muslims.

SP chief Akhilesh Yadav held a meeting today morning showed concern over missing long lines in Muslim dominated areas. Even polling percentage witnessed a decline of around five per cent in Rampur. Statistical evidence further accentuates the gravity of the situation, with UP witnessing a decline in voter turnout compared to previous elections. In the first phase, UP registered a turnout of 61 per cent down from 66 per cent in 2019. The second phase, with a polling percentage of just 54.85 per cent, marks a significant decrease compared to 62.76 per cent in 2019. Notably, Mathura reported a mere 49 per cent polling, a substantial 12 per cent decrease from the previous election's 61.08 per cent. Jal Shakti Minister Swatantra Dev Singh attributed the low turnout to people's satisfaction with the present regime, citing a similar turnout of 50 per cent in 2009 when the Congress retained power.

We are confident that BJP will sweep the elections, but we need to improve the voting percentage," he asserted.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० पॉयनियर लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# DM flags off LPG vehicles under SVEEP

PNS ■ VARANASI



District Magistrate and District Election Officer S Rajalingam, along with Chief Development Officer and SVEEP in-charge Himanshu Nagpal, flagged off vehicles loaded with LPG cylinders from the Collectorate premises here on Saturday in order to ensure 100 per cent voting in the Lok Sabha election in the district.

The vehicles loaded with LPG cylinders under the Systematic Voters' Education and Electoral Participation (SVEEP) programme will deliver the message of voter awareness from door to door.

Speaking on this occasion, Rajalingam made the general public aware of voting by tying tags to the cooking gas cylinders loaded in the vehicles. He said that the district administration was committed to ensuring 100 per cent voting in the district. "Voting is the most important task for a strong democracy of the country, hence emphasis is being laid on increasing awareness among the people and encouraging them to cast their votes," he said.

Nagpal also spread awareness among the voters and explained the importance of voting. He also appealed to all the residents of the district to vote 100 per cent.

On the occasion, Additional District Magistrate (Civil Supplies) Prakash Chandra, District Supply Officer Umesh Chandra Mishra, Divisional Head of LPG Vikas Sahdev, Nodal Officer (LPG-S) Satish Kumar Yadav, sales managers, gas agency operators and others were also present.

Meanwhile, the batuks (Vedpathi Sanskrit students) of Maharishi Yogi Ashram located at Siddheshwari, raised slogans to create awareness among the voters. They shouted slogans like 'Sare kaam chhod do sabse pahle vote do', 'Hum sab ne thana hai, shatpratishat matdaan karana hai'. They also said that one's vote was precious and everyone should vote together and build a healthy democracy because polling was a great festival of democracy so everyone should together and increase the pride of Kashi.

They also sent the message of cleanliness, saying "if there is dirt then there is disease and if there is cleanliness then there is health".

Speaking on the occasion, regional coordinator of Namami Gange (Kashi region) Rajesh Shukla said that people had an opportunity in the form of voting to form a prosperous, self-reliant and dedicated government in India.

"Let us elect a government which will strengthen national security, provide good arrangements for electricity, roads and water and which can be trusted by women, farmers and the poor," he said.

Maharishi Yogi Vidyalaya in-charge Sisant Kesari Swain, Sunil Srivastava and others were mainly involved in the event.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० हिन्दुस्तान टाइम्स लखनऊ........ दिनांक ....28 APR 2024

{ 2024 LS POLLS }

# Low turnout in the first two phases in U.P. sets alarm bells ringing for Lko admin

Voters must come out in large numbers and set an example for other districts, says divisional commissioner

**HT Correspondent**
letters@htlive.com

**LUCKNOW :** Low voter turnout in the first two phases of the 2024 Lok Sabha polls in 16 constituencies of Uttar Pradesh has set the alarm bells ringing for the district administration here.

It is so because voter turnout in Lucknow, which will go to the polls in the fifth phase on May 20, has traditionally remained poorer than overall state voting percentage in the past.

In the 2019 general election, voting percentage here was 54.78% when the state average was pegged at 59.21%. Likewise in 2014, only 53.06% voters had exercised their franchise in the state capital while Uttar Pradesh as whole registered 58.44% voter turnout.

This time around, the Lucknow district administration has set a target of 70% polling to set an example for many other districts as it is the state capital.


Elections 2024

Divisional commissioner Roshan Jaccob said the district administration and the state election commission are taking a slew of measures to ensure that voter turnout here remains respectable.

### Long weekend ahead of polling

Lucknow goes to poll on May 20 (Monday). This coupled with Saturday and Sunday makes it for a long weekend as almost every establishment will remain closed on the polling day. The three-day holiday will encourage people to go for outing.

Divisional commissioner said, "This is an unfortunate coincidence and we are aware of this fact. We can only collectively appeal to people to exercise their franchise. People must come out of their homes to vote. This is one way to make our democracy strong."



**This time around, the Lucknow district administration has set a target of 70% polling.** PIC FOR REPRESENTATION

**FACTFILE**

- Lucknow voter turnout in 2019 LS election was 54.78% when state average was pegged at 59.21%.
- In 2014 election, only 53.06% people cast their votes in state capital while UP as a whole registered 58.44% turnout.

### Rising temperature a factor?

On Friday (April 26), the day temperature soared to 42 degrees Celsius in Lucknow. On May 20, the weather will be harsher. "See it is a factor and voters have to make some adjustment. The best timing to cast vote is morning hours when weather is relatively pleasant. And then after lunch hour till the polling ends. We want people to vote in the first half. Challenge will be to ensure that voter turnout does not drop," said divisional commissioner while talking to HT.

### Challenges ahead of polling

Jacob said in the civic polls, there were many issues with the voter list. Several voters in the past had complained that their names were missing from the list. This year district election commission had invited people to check their names in the voter list and update details if their names were missing.

"Most people want to vote. It won't be right to say that they are apathetic towards voting. This year, the Election Commission has taken measures to improve the voter turnout and hope the Lucknow division will rise to the occasion," she said.

### Steps taken by district admin

For the first time in the city, model polling booths will be set up in clubhouses and community centres of 14 high-rise apartment complexes in urban areas to facilitate maximum eligible voters in such residential buildings to exercise their franchise in the Lok Sabha elections. The idea is aimed at taking the electoral process closer to the homes of voters, said officials.

"Now the onus is on Resident Welfare Associations (RWAs) to ensure people cast their vote. At some point of time, Lucknow voters have to show "Adab" (politeness) and live up to its "Tehzeeb" (culture) and set some example for other districts to follow," Jacob said.

For senior citizens and persons with disabilities, there will be provision of wheelchairs at many polling stations which they can use for casting vote. When Lucknowites exercise their franchise on May 20, model polling booths in high-rise apartment complexes will have amenities, medical aid and other provisions like 'mattha' (buttermilk) and chilled water for voters to beat the heat.

### Past tense

Despite the Election Commission's push, concern over low polling grew stronger in Uttar Pradesh as the 54.85% turnout recorded in eight parliamentary constituencies in the second phase of the 2024 Lok Sabha election on Friday was 7% less than the 62% voting witnessed on the same seats in 2019. The turnout in the second phase was 49.29% in Mathura, almost 12% drop from 61.03% in 2019, and 49.65% in Ghaziabad, 6% down from 55.83% five years ago. Among the other constituencies, 64.02% polling was recorded in Amroha followed by 58.70% in Meerut, 56.62% in Aligarh, 55.97% in Baghpat, 55.79% in Bulandshahr and 53 % in Gautam Buddh Nagar on Friday, according to Election Commission figures.

In the first phase of polling in another eight constituencies on April 19, the voter turnout was 60.25%, which was around 6% less than the 66.50% voting recorded in 2019.

### 'EFFORTS ON TO REACH OUT TO EVERY VOTER'

**LUCKNOW :** Divisional commissioner Roshan Jacob said efforts are on by the Lucknow district administration to reach out to every voter by distributing voter slip on their doorstep so that all voters are aware of their respective polling stations. "See what political parties are doing to reach out to voters is fine but the district administration will also leave nothing to chance to play a good host to voters who will be our guests. We believe that voters do want to cast vote as responsible citizens of the country. The administration will try to facilitate by taking polling station to their locality packed with all kinds of facilitates they want," Jacob said. HTC

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दैनिक [illegible] लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

## U.P. PHASE 2

**The EC revised the turnout of the second phase to 55 per cent — a drop of 7 percentage points from 2019**




**55%** Overall Turnout

| LS Seats | 2024 | 2019 |
|---|---|---|
| Amroha | 64.02 | 71.05 |
| Meerut | 58.70 | 64.29 |
| Baghpat | 55.93 | 64.68 |
| Ghaziabad | 49.65 | 55.89 |
| GB Nagar | 53.21 | 60.49 |
| Bulandshahr | 55.79 | 62.92 |
| Aligarh | 56.62 | 61.68 |
| Mathura | 49.29 | 61.08 |

*Figures in per cent*

# दूसरे फेज में यूपी में 9 फीसद कम हुआ मतदान

## तीन चुनाव की सबसे कम मतदान, मथुरा फिसड्डी

- अमूमन वोटिंग कम होने पर नुकसान भाजपा को ज्यादा होता है, हालांकि एक्सपर्ट का मानना है कि जरूरी नहीं हमेशा नुकसान भाजपा को ही हो

लखनऊ ( डीएनएन )। उत्तर प्रदेश में दूसरे फेज की 8 सीटों पर शुक्रवार को 54.85 फीसद वोटिंग हुई। पिछली बार यानी 2019 की तुलना में इन सीटों पर करीब 9 फीसद कम वोट पड़े। अमूमन वोटिंग कम होने पर नुकसान भाजपा को ज्यादा होता है। हालांकि एक्सपर्ट का मानना है कि जरूरी नहीं हमेशा नुकसान भाजपा को ही हो। 2009 में 50.07 फीसद वोटिंग हुई थी। 2014 में वोटिंग 12.4 फीसद बढ़कर 62.47 फीसद हो गई। तब मोदी लहर थी और लोगों ने घर से निकलकर खूब वोट किया। 2019 के चुनाव में 1.21 फीसद की बढ़त हुई और वोटिंग 63.68 फीसद तक पहुंच गई। 2009 में जब इन सीटों पर 50.07 फीसद वोटिंग हुई, तब भाजपा को सिर्फ 2 सीट गाजियाबाद और मेरठ ही मिली थी। बसपा को गौतमबुद्धनगर और अलीगढ़ में जीत हासिल हुई। कांग्रेस-सपा गठबंधन को 2 सीट मथुरा, बुलंदशहर मिली। रालोद के हिस्से में अमरोहा और बागपत सीट आई थी। 2014 में वोटिंग 12.4 फीसद बढ़ी, तब भाजपा ने सभी 8 सीटें जीत लीं। 2019 में जब 1.21 फीसद वोटिंग बढ़ी, तब भाजपा ने 7 सीट पर जीत दर्ज की। अमरोहा बसपा के हिस्से में गई थी। यूपी में पहले फेज की 8 सीटों पर भी 8 फीसद वोटिंग कम हुई थी। 2024 में 54.85 फीसद वोटिंग को लेकर एक्सपर्ट का मानना है कि वोटों का ध्रुवीकरण नहीं हुआ। सीधे तौर पर भाजपा को सपा गठबंधन से कड़ी टक्कर मिलती दिख रही है। हालांकि ज्यादा डैमेज होगा, इसकी संभावना कम दिख रही है।

**मथुरा में सबसे कम वोटिंग, एंटी इंकम्बेंसी का असर :** 2024 में सबसे कम वोटिंग मथुरा सीट पर 49.29 फीसद हुई। एक्सपर्ट के मुताबिक यह 2 बार से भाजपा सांसद हेमा मालिनी के खिलाफएंटी इंकम्बेंसी का असर है। मतदान के लिए लोग बूथ तक नहीं पहुंचे। अमरोहा में सबसे ज्यादा 64.02 फीसद वोटिंग हुई। 2019 के चुनाव में भी ऐसा ही हुआ था। यह मुस्लिम बेल्ट है। यहां के लोग वोट देने घरों से निकले।

**गाजियाबाद में 7 फीसद कम वोटिंग हुई :** गाजियाबाद में 49.65 फीसद वोटिंग हुई। यह 2019 की तुलना में 7.15 फीसद कम है। इससे पहले 2009 में गाजियाबाद में 45 फीसद वोटिंग हुई थी। तब भाजपा के राजनाथ सिंह को 3.59 लाख वोट मिले थे। यह दूसरे पायदान पर रहे कांग्रेस के सुरेंद्र प्रकाश से 91 हजार वोट ज्यादा थे। 2014 में 56.94 फीसद, जबकि 2019 में 56.8 फीसद वोटिंग हुई। ये दोनों चुनाव भाजपा के विजय कुमार सिंह जीतते आए हैं। दोनों ही चुनाव में जीत का मार्जिन करीब 5 लाख वोट का रहा है। 2024 में भाजपा ने शहर विधायक अतुल गर्ग, कांग्रेस ने डॉली शर्मा और बसपा ने नंद किशोर पुंडीर को चुनाव मैदान में उतारा है।

**मथुरा में जब भी कम वोटिंग हुई भाजपा को नुकसान :** मथुरा यूपी की हॉट सीट मानी जाती है। 2024 चुनाव में मथुरा में 49.29 फीसद वोटिंग हुई। 2009 में 54.3 फीसद वोट पड़े। तब रालोद के जयंत चौधरी चुनाव जीते थे। उन्हें 7.26 लाख वोट मिले थे। 2014 में 64.10 फीसद वोटिंग हुई। 9.8 फीसद वोटिंग बढ़ने के साथ मथुरा में भाजपा जीत गई। जयंत चौधरी इस चुनाव में हार गए। उन्हें 2.43 लाख वोट मिले। 2019 में वोटिंग परसेंटेज 62.7 रहा। एक बार फिर भाजपा सांसद हेमा मालिनी रिपीट हुईं। उन्हें 6.71 लाख वोट मिले थे। एक बार फिर रालोद के कैंडिडेट दूसरे पायदान पर रहा। अब वोटिंग 13.41 फीसद कम हुई। आंकड़े इशारा करते हैं कि वोटिंग कम होने से भाजपा को नुकसान होता है। 2024 में भाजपा ने हेमा मालिनी, कांग्रेस ने मुकेश डांगर, बसपा ने सुरेश सिंह को प्रत्याशी बनाया है।

**अलीगढ़ में 6 फीसद कम वोटिंग :** अलीगढ़ में पिछले चुनाव से 6 फीसद कम वोटिंग हुई। इस बार 56.62 फीसद वोट पड़े। 2019 के चुनाव में 62.6 फीसद वोटिंग हुई थी। तब भाजपा के सतीश कुमार गौतम सांसद बने। 2009 में अलीगढ़ में सिर्फ51.2 फीसद वोटिंग हुई थी। तब बसपा की राजकुमारी चौहान चुनाव जीती थीं। उन्हें 1.93 लाख वोट मिले थे। मतलब साफ है, वोटिंग परसेंटेज में गिरावट का असर भाजपा के वोट बैंक पर पड़ा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

## व्यय या शिकायत के लिए प्रेक्षक से करें संपर्क

रायबरेली ( डीएनएन )। भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन के लिए 36-रायबरेली संसदीय निर्वाचन क्षेत्र के लिए व्यय प्रेक्षक शैलेन समद्दर को नियुक्त किया गया है। जिनका मोबाइल नम्बर व वाट्सएप नम्बर 8887018871 है। किसी भी राजनैतिक दल अथवा किसी भी मतदाता द्वारा चुनाव व्यय से संबंधित किसी भी प्रकार की शिकायत या शंका समाधान के लिए उनसे संपर्क किया जा सकता है। व्यय प्रेक्षक से मिलने का समय सायं 5 बजे से 6:30 बजे तक गेस्ट हाउस, एनटीपीसी ऊंचाहार में मिल सकते हैं एवं दूरभाष के माध्यम से भी सूचित कर सकते हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर लखनऊ............ दिनांक 28 APR 2024

# प्रेक्षक ने राजनैतिक दलों के साथ की बैठक

## चुनाव आयोग के निर्देशों का अक्षरश: हो पालन : प्रेक्षक

भास्कर ब्यूरो



**सीतापुर।** भारत निर्वाचन आयोग, नई दिल्ली द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष एवं शांतिपूर्ण सम्पन्न कराने हेतु आज कलेक्ट्रेट सभागार में प्रेक्षक सामान्य व पुलिस प्रेक्षक द्वारा राजनैतिक दलों के साथ बैठक सम्पन्न हुयी। बैठक के दौरान प्रेक्षकों द्वारा सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की गयी है कि वह सभी भारत निर्वाचन आयोग के दिये गये दिशा निर्देशों का पालन करे। उन्होंने कहा कि अगर किसी को किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है तो वह हमसे आकर मिल सकता है और हमको कॉल कर के भी जानकारी ले व दे सकता है। प्रेक्षकों ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से वार्ता कर उनकी समस्याओं की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी राजनैतिक दलों द्वारा कोई भी अप्रिय घटना को अंजाम दिया जाता है तो उसके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा निर्देश के अनुसार कार्यवाही अमल में लायी जायेगी।

बैठक के दौरान जिलाधिकारी अनुज सिंह ने सभी राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों से अपील की है कि वह सभी भारत निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निर्देशों का शत प्रतिशत पालन सुनिश्चित करें। उन्होनें कहा अगर कोई भी राजनैतिक दलों का कोई भी स्टार प्रचारक आता है और उसके लिये अगर कोई स्टेज बनाया जाता है तो उसके लिये पी0डब्लू0डी0 विभाग और फायर विभाग से परमिशन ले ले ताकि कोई अप्रिय घटना न हो सके। उन्होनें कहा कि निर्वाचन के दौरान जो भी एजेण्ट की नियुक्ति की जाये तो उसकी उपस्थिति सुनिश्चित की जाये। साथ ही उन्होनें सभी राजनैतिक दलों से अपने नमूना हस्ताक्षर देने को कहा ताकि ऐजेण्टों के किसी भी प्रकार की कोई भी समस्या का समाना न कराना पड़े।

बैठक के दौरान पुलिस अधीक्षक चक्रेश मिश्र ने कहा कि सभी राजनैतिक दल एमसीएमसी का उल्लंघन न करे अन्यथा उनके खिलाफ भारत निर्वाचन आयोग द्वारा कार्यवाही की जायेगी। उन्होंने कहा कि अगर कोई भी पार्टी का स्टार प्रचारक आता है तो उसकी सूचना भी हम लोगों को उपलब्ध करा दी जाये। उन्होनें कहा कि पार्टियों द्वारा कोई भी ऐसा कृत्य न किया जाये जिससे की कार्यवाही की जा सके। उन्होंने कहा कि कोई भी अप्रिय घटना होने पर संबंधित पार्टी के प्रतिनिधि के खिलाफ कार्यवाही अमल में लायी जायेगी। उन्होंने कहा कि जब फाइनल प्रतिनिधि घोषित हो जायेगा तो उसको प्रशासन द्वारा सुरक्षा मुहैय्या करायी जायेगी।

समाचार पत्र का नाम ....दैनिक भास्कर लखनऊ.............. दिनांक 28 APR 2024

# चुनाव का पर्व देश का गर्व : जिला निर्वाचन अधिकारी

भास्कर ब्यूरो



वाराणसी। जनपद में लोकसभा सामान्य निर्वाचन- 2024 में शत-प्रतिशत मतदान सुनिश्चित कराने के दृष्टिगत शनिवार निमित्त को पूर्वान्ह 09 बजे स्वीप के अन्तर्गत मतदाता जागरूकता का संदेश घर-घर पहुंचाने हेतु एल०पी०जी० सिलेण्डरों से लदे वाहनों को जिलाधिकारीध्जिला निर्वाचन अधिकारी एस. राजलिंगम एवं मुख्य विकास अधिकारी प्रभारी अधिकारी, स्वीप हिमांशु नागपाल द्वारा कलेक्ट्रेट परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया गया।

इस अवसर पर जिलाधिकारी, निर्वाचन अधिकारी द्वारा वाहनों में लदे गैस सिलेण्डरों में टैग बांधकर जनसामान्य को मतदान करने हेतु जागरूक किया गया। उन्होंने कहा कि जिला प्रशासन जनपद में शत-प्रतिशत वोटिंग कराने हेतु कटिबद्ध है। देश के मजबूत लोकतंत्र के लिए मतदान करना सबसे जरूरी कार्य है, इसलिए लोगों में जागरूकता बढ़ाने और सम्पर्कियों को वोट डालने के लिए प्रोत्साहित करने पर जोर दिया गया। मुख्य विकास अधिकारी हिमांशु नागपाल द्वारा स्वीप के माध्यम से प्रचार-प्रसार करते हुए शत-प्रतिशत मतदाताओं में जागरूकता लाने और मतदान के महत्व को समझाते हुए समस्त जनपदवासियों से शत-प्रतिशत मतदान करने की अपील की गयी। इस अवसर पर अपर जिलाधिकारी (ना०आ०) प्रकाश चंद्र, जिला पूर्ति अधिकारी उमेश चन्द्र मिश्र के अलावा विकास सहदेव, मण्डल प्रमुख, एल०पी० जी०, सतीश कुमार यादव, नोडल अधिकारी, एल०पी० जी०-एस, समस्त विकय प्रबन्धक, एल०पी० जी० एस० एवं समस्त गैस एजेन्सी संचालकगण आदि उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० आई नेक्स्ट लखनऊ दिनांक 28 APR 2024



## हाईटेक ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया

**LUCKNOW** : जिला प्रशासन ने अनूठी पहल करते हुए मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग के लिए केकेसी डिग्री कालेज में हाईटेक ट्रेनिंग सेंटर बनाया गया है. जहां, स्मार्ट बोर्ड्स पर मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मिकों को ट्रेनिंग देने का काम करेंगे. केकेसी के 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए है. मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग, 29 अप्रैल से शुरू हो रही है. इसी के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया.

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 28 APR 2024



जिला प्रशासन की अनूठी पहल मतदान कार्मिकों की ट्रेनिंग के लिए बनाया गया केकेसी डिग्री कालेज में हाईटेक ट्रेनिंग सेंटर । 29 अप्रैल से शुरू होगी मतदान कार्मिकों की प्रथम ट्रेनिंग, 29 अप्रैल से शुरू हो रही ट्रेनिंग के मद्देनजर जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन

ब्यूरो प्रमुख

लखनऊ। लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत राजधानी में 20 मई को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत



मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति हेतु जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। इसी के क्रम में आज नगर निगम के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लो में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी। उक्त कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले-वे स्कूल नवीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन-2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी-इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन-3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर-9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, प्राथमिक विद्यालय नटकुर, न्यू पब्लिक इंटर कालेज सेक्टर डी-1 एलडीए, सेंट्रल अकादमी सेक्टर-के आशियाना, भारतीय आदर्श विद्या मंदिर इं.कालेज भदरुख, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतमऊ मवैया, सेक्रेड हार्ट राजीवनगर घोसियाना, प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा बरिगवां रोड इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ 28 APR 2024

समाचार पत्र का नाम .................................................. दिनांक ......................

# जिओ लोकेशन की सहायता से आसानी से पोलिंग बूथ पहुंचेंगे मतदाता : डीएम

## जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर वेबपेज को हुआ लोकार्पण

ललितपुर। लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में मतदान के प्रतिशत को बढ़ाने एवं शान्तिपूर्ण मतदान सम्पन्न कराये



जाने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी अक्षय त्रिपाठी ने सम्बंधित अधिकारियों के साथ बैठक कर दिशा-निर्देश दिये गए, साथ ही मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा हेतु जनपद ललितपुर कि आधिकारिक वेबसाइट पर वेबपेज का लोकार्पण किया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने बताया कि जनपद ललितपुर के मतदाताओं को मतदान बूथ तक पहुँचने कि सुविधा को ध्यान में रखते में एन.आई.सी. द्वारा जनपद की आधिकारिक वेबसाइट पर एक वेबपेज विकसित किया गया है, जिसके माध्यम से मतदाता को अपने बूथ को खोजने में आसानी होगी, इस वेबपेज पर मतदान बूथ पर नियुक्त बूथ लेवल ऑफिसर (बीएलओ) का नाम, मोबाइल नंबर तथा मतदान बूथ का जिओ-लोकेशन उपलब्ध है। उक्त वेबपेज के माध्यम से मतदाता द्वारा बीएलओ से सीधे टेलीफोन पर संपर्क किया जा सकता है तथा मतदान बूथ तक पहुँचने का मार्ग भी गूगल मैप पर प्रदर्शित हो जाता है। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्देश दिये कि विगत निर्वाचन में जनपद ललितपुर में अच्छा मतदान हुआ था, इस बार भी जिला प्रशासन की ओर से पूरा प्रयास रहे कि लोकतांत्रित तरीके से अधिकाधिक मतदान हेतु मतदाताओं को जागरुक करें, खण्ड विकास अधिकारियों को निर्देश दिये कि ग्रामों में गणमान्य व्यक्तियों जो राजनैतिक पृष्ठभूमि से न हों, का मतदान प्रतिशत बढ़ाने में सहयोग लिया जाए। बीएलओ, ग्राम पंचायत विकास अधिकारी एवं लेखपालों को निर्देश दिये गए कि वोटर लिस्ट में शामिल प्रत्येक मतदाता के घर जाकर उन्हें मतदान हेतु आमंत्रित करें, कोई भी मतदाता वोट करने से न छूटे। अपर जिलाधिकारी अंकुर श्रीवास्तव द्वारा बताया गया कि उक्त वेब-पेज का उपयोग जनपद में मतदान प्रतिशत बढाने में सहायक सिद्ध होगा तथा मतदाता को मतदान के प्रति आकृष्ट करने का कार्य करेगा। उन्होंने क्षेत्रीय कर्मचारियों को निर्देश दिये कि मतदाताओं को घर-घर जाकर वोटर पर्ची एवं वोटर गाइड का वितरण करें, साथ ही उन्हें शत-प्रतिशत मतदान हेतु प्रेरित करें। इस अवसर पर समस्त उप जिलाधिकारी, समस्त खण्ड विकास अधकारी, जनपद के विभिन्न बूथों पर तैनात बूथ लेवल ऑफिसर्स, जिला सूचना विज्ञान अधिकारी अर्पित जैन, सहायक जिला निर्वाचन अधिकारी समर सिंह, समस्त खंड विकास अधिकारी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# नगर निगम लोक सभा निर्वाचन में 70 प्रतिशत मतदान के लक्ष्य को लेकर मतदाताओं को कर रहा जागरुक

**चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम नगर निगम निरन्तर आयोजित कर रहा है**

लखनऊ। लोक सभा निर्वाचन-2024 के अंतर्गत जनपद लखनऊ में 20 मई, को मतदान की तिथि निर्धारित है। इस निर्वाचन में भारत निर्वाचन आयोग द्वारा न्यूनतम 70 प्रतिशत मतदान का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। लक्ष्य की प्राप्ति को लेकर जनपद लखनऊ के मतदाताओं को जागरुक किए जाने के लिए नगर निगम लखनऊ द्वारा विभिन्न गतिविधियां यथा चुनाव पाठशाला का आयोजन, स्थानीय सम्पर्क, फोरम एवं जागरुकता कार्यक्रम निरन्तर आयोजित किए जा रहे है। वहीं शनिवार को नगर निगम लखनऊ के विभिन्न क्षेत्रों व मोहल्लों में चुनाव पाठशाला का आयोजन किया गया जिनमें स्थानीय नागरिकगण, अधिकारियों/कर्मचारियों, छात्र-छात्राओं द्वारा शपथ ली गयी तथा अधिक से अधिक मतदान करे हुए मतदान प्रतिशत बढाने के लिए जागरुक किया गया। साथ ही अधिकारियों/कर्मचारियों द्वारा स्थानीय नागरिको से सम्पर्क करते हुए मतदाताओं को बूथ की जानकारी दी गयी तथा मतदान की अपील करते हुए मतदान किए जाने हेतु शपथ दिलायी गयी।

बता दें कि कार्यक्रम के अंतर्गत नगर में स्थित विभिन्न विद्यालय इत्यादि संस्था जैसे कि जोन-1 में वैदिक कन्या पाठशाला, विष्णु नगर शिक्षा निकेतन, प्राथमिक बालक विद्यालय नरही, प्ले-वे स्कूल नबीउल्लाह रोड, महिला कालेज अमीनाबाद, जोन-2 में गुरुनानक गर्ल्स डिग्री कालेज, आजाद बाल विद्या इंटर कालेज, नवयुग डिग्री



कालेज, सिद्धार्थ शिक्षा निकेतन, आयुर्वेदिक कालेज, विशाल मान्टेसरी स्कूल, दीन दयाल उपाध्याय महाविद्यालय, सुन्नी इंटर कालेज, सरस्वती शिशु मंदिर, इंदिरा गांधी प्रतिष्ठान राजाजीपुरम, जोन-3 में सेंटर जोसफ कालेज प्रियदर्शिनी कालोनी, एसएस.जे.डी. इंटर कालेज फैजुल्लागंज, टाईगर्स एजुकेशनल सोसायटी जूनियर हाईस्कूल शिवलोक त्रिवेणीनगर, महावीर इंटर कालेज कुर्सी रोड, जोन-4 में परिषदीय प्राथमिक विद्यालय निशातगंज, मुन्नू कुंवर सनातन धर्म इंटर कालेज पेपरमिल कालोनी, न्यू रेड रोज हाईस्कूल संजय गांधीपुरम, महाराजा अग्रसेन पब्लिक स्कूल विराट खंड-1, सेंट कोलम्बस विनयखंड-5, जय सुभाष पब्लिक स्कूल विशालखंड, प्रकाश बाल विद्या मंदिर विनम्रखंड-1, पूर्व माध्यमिक विद्यालय चिनहट, प्राथमिक विद्यालय लौलाई, डेल्ही पब्लिक स्कूल सेक्टर-4, जोन-5 में प्राथमिक विद्यालय गहरू, प्राथमिक विद्यालय अलीनगर सुनहरा, प्राथमिक विद्यालय कनौसी, श्यामाचंद्रा कांवेंट इ.का. कृष्णापल्ली आलमबाग, बेसिक विद्यालय बरिगवां पूरन नगर चौराहा, टीडीविएस पब्लिक स्कूल अर्जुन नगर रेलवे कालोनी, जनता गर्ल्स इं.का. छोटा बरहा, बेसिक विद्यालय कनौसी भोला खेड़ा, ए.के.डी. पब्लिक स्कूल विश्वेश्वर नगर, जोन-7 में प्राथमिक विद्यालय बस्तौली, डेल्ही पब्लिक स्कूल सर्वोदय नगर, प्राथमिक विद्यालय जरहरा, संस्कार पब्लिक स्कूल आम्रपाली चौराहा सेक्टर-23 इंदिरा नगर, अरविन्दो पार्क, अवध पब्लिक एकेडमी शिवानी विहार, जोन-8 में प्राथमिक विद्यालय भुसवल कलां, प्राथमिक विद्यालय शकूरपुर, लखनऊ पब्लिक स्कूल वृंदावन योजना सेक्टर-9, जे.के. कान्वेंट स्कूल औरंगाबाद जागीर, प्राथमिक विद्यालय नटकुर, न्यू पब्लिक इंटर कालेज सेक्टर डी-1 एलडीए, सेंट्रल अकादमी सेक्टर-के आशियाना, भारतीय आदर्श विद्या मंदिर इं.कालेज भदरुख, पूर्व माध्यमिक विद्यालय हैवतमऊ मवैया, सेक्रेड हार्ट राजीवनगर घोसियाना, प्राथमिक विद्यालय बल्दीखेड़ा बरिगवां रोड इत्यादि में मतदान हेतु नागरिको को जागरुक करते हुए शपथ दिलायी गयी।

प्रस्तुति सुधा जायसवाल

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# लोकसभा चुनाव : कन्नौज लोकसभा सीट के हर पोलिंग बूथ पर लगेंगी दो-दो ईवीएम

# चौथे चरण की 13 लोकसभा सीटों पर 138 उम्मीदवार मैदान में, 82 पर्चे खारिज

डेली न्यूज नेटवर्क

- नवदीप रिणवा ने बताया कि कन्नौज लोकसभा सीट 17 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध मिले व 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज किए गए

लखनऊ। लोकसभा चुनाव के चौथे चरण में उत्तर प्रदेश की 13 लोकसभा सीटों पर दाखिल नामांकन पत्रों की जांच में 138 उम्मीदवारों के पर्चे सही पाये गये और 82 पर्चे खारिज कर दिए गए। इन 13 लोकसभा सीटों तथा ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए सोमवार 29 अप्रैल को दोपहर तीन बजे तक नाम वापसी होगी। चौथे चरण का मतदान सोमवार 13 मई को होगा। प्रदेश के मुख्य निर्वाचन अधिकारी नवदीप रिणवा ने बताया कि कन्नौज लोकसभा सीट के लिए 28 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 17 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए तथा 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें श्रीकृष्ण, अंकुर प्रताप सिंह, रामलखन, आनन्द कुमार, जरार खान, शिवांक, विजय कुमार, शोभित सिंह, सुनील कुमार, राजेश सिंह चौहान, राधारानी हैं। इस तरह से कन्नौज लोकसभा सीट पर होने वाले मतदान में हर पोलिंग बूथ पर दो-दो इलेक्ट्रानिक वोटिंग मशीनें लगायी जाएंगी। एक ईवीएम में 15 उम्मीदवार और एक नोटा का बटन होता है। शाहजहांपुर सु. सीट के लिए 21 प्रत्याशियों ने नामांकन किया है। इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए तथा जिन 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें सुरेश कुमार, राजेश, रामपाल शास्त्री, किशनलाल, नरेन्द्र कुमार, राम कुमार, राकेश, संजीव, सुरेश, महेन्द्र, शैलेश कुमार हैं। खीरी सीट के लिए 12 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा एक प्रत्याशी विजय पाल का नामांकन पत्र खारिज हुआ। धौरहरा सीट के लिए 16 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाए गए। तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए उसमें भगौती प्रसाद, नरेन्द्र कुमार, ब्रजलाल हैं।

## फर्रुखाबाद से 8 व इटावा से 7 के नामांकन खारिज

फर्रुखाबाद सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए उसमें रंजीत सिंह, विकांत सिंह, मानसिंह यादव, नरेन्द्र सिंह, यदुनाथ सिंह, संतोष, इरशाद, दीपक कुमार हैं। इटावा सु. लोकसभा सीट के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा सात प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुएए उसमें हरीश कुमार, राजरानी, वीर सिंह, रवि शास्त्री, बसंत लाल, रूपेश, श्रीपति सहाय नागर हैं। कानपुर लोकसभा सीट के लिए 24 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए इसमें 11 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 13 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें पंकज पटेल, प्रीती राठौर, संजय कुमार त्रिवेदी, अरविन्द कुमार, अंरूण कुमार, जयप्रकाश पाण्डेय, मोहित कुमार साहू, रमेश चन्द्र अवस्थी, राकेश सिंह गिहार, राजू भारती, सुभाष चन्द्र, सुरेन्द्र बाजपेयी, डॉ. विजय नारायण पाल हैं। अकबरपुर लोकसभा सीट के लिए 15 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशिंयों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए उसमें दिनेश कुमार पटेल, प्रदीप, कुलदीप कुशवाहा, रंजना दीक्षित, डॉ. विजय नारायण पाल हैं। बहराइच लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा तीन प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें प्रभुनाथ, रामरूपए वृक्षराम हैं। ददरौल विधानसभा उप चुनाव के लिए 10 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें किसी भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज नहीं हुआ।

## सीतापुर से नौ व उन्नाव से 10 के नामांकन निरस्त

सीतापुर सीट के लिए 17 प्रत्याशियों ने नामांकन कियाए इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा नौ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए, उसमें राम कुमार मिश्र, सीमा, अशोक कुमार तिवारी, रियाजुउद्दीन, मुन्नालाल, तुराब अली, सोनेश्री, गीता देवी, राम नरेश है। हरदोई सु. लोकसभा सीट के लिए 13 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें किसी भी प्रत्याशी का नामांकन पत्र खारिज नहीं हुआ। मिश्रिख सु. सीट के लिए 11 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा एक प्रत्याशी भरतलाल का नामांकन पत्र खारिज हुआ। उन्नाव लोकसभा सीट के लिए 18 प्रत्याशियों ने नामांकन किया, इसमें आठ प्रत्याशियों के नामांकन पत्र वैध पाये गये तथा 10 प्रत्याशियों के नामांकन पत्र खारिज हुए। उसमें अभी छेदीलाल यादव, अरविन्द कुमार पटेल, महेन्द्र कुमार, धनीराम, शिव शंकर, अजय कुमार, दुर्गा प्रसाद, मुन्नी लाल, राम खेलावन, रूक्सार अहमद हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० डेली न्यूज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# प्रचार के सभी व्ययों में सोशल मीडिया के विज्ञापनों के व्यय भी होंगे शामिल : जिला निर्वाचन

डेली न्यूज नेटवर्क

संतकबीरनगर। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर ने बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 में निर्वाचन अभियान में सोशल मीडिया के इस्तेमाल के संदर्भ में महत्वपूर्ण दिशा-निर्देश दिए गए हैं। उन्होंने बताया कि आयोग ने स्पष्ट निर्देश दिए हैं कि प्रत्याशियों के व्यय का सही लेखा अनुरक्षित करने और व्यय का विवरण प्रस्तुत करने, दोनों के लिए प्रचार के सभी व्ययों में सोशल मीडिया के विज्ञापनों के व्यय भी सम्मिलित होंगे। इसमें अन्य बातों के साथ-साथ विज्ञापनों को कैरी करने के लिए इंटरनेट कंपनियों और वेबसाइटों को किए गए भुगतान के साथ-साथ विषय वस्तु के रचनात्मक विकास पर होने वाले प्रचार संबंधी प्रचालनात्मक व्यय, ऐसे प्रत्याशियों और राजनीतिक दलों द्वारा अपने सोशल मीडिया अकाउंट्स को बनाए रखने के लिए नियोजित कामगारों की टीम को दिए गए वेतनों और मजदूरियों पर प्रचालनात्मक व्यय आदि सम्मिलित होंगे।

जिला निर्वाचन अधिकारी ने संबंधित प्रभारी/नोडल अधिकारी को निर्देशित किया कि सोशल मीडिया वेबसाइटों सहित इंटरनेट के माध्यम से किए जाने वाले प्रचार के साथ ही अन्य माध्यम जैसे बल्क एसएमएस, वॉइस कॉल इत्यादि द्वारा किए गए प्रचार पर होने वाले व्यय के संबंध में आयोग द्वारा जारी निर्देशों को समस्त राजनीतिक दलों, निर्वाचन अभ्यर्थियों, प्रत्याशियों और मीडिया सहित सभी संबंधितों के संज्ञान में लाते हुए अनुपालन सुनिश्चित किया जाए। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग के निर्देशों का हवाला देते हुए सोशल मीडिया के भिन्न-भिन्न प्रकारों पर प्रकाश डालते हुए कहा कि इसमें-सहयोगपरक मीडिया जैसे-विकिपीडिया, ब्लॉग एवं माइक्रोब्लॉग मीडिया जैसे-ट्विटर, विषय-वस्तु (कंटेंट) समुदाय जैसे-यूट्यूब, सोशल नेटवर्किंग साइट जैसे-फेसबुक, वर्चुअल गेम-वर्ल्डस जैसे-एप्स आदि के माध्यम से प्रचार-प्रसार पर निर्वाचन प्रचार से संबंधित विधिक उपबंध सोशल मीडिया पर उसी तरह से लागू होते हैं जैसे वह किसी अन्य मीडिया का इस्तेमाल करके किए जाने वाले निर्वाचन प्रचार के किसी अन्य रूप पर लागू होते हैं।

## आगामी 29 अप्रैल से होगा नामांकन : एडीएम

डेली न्यूज नेटवर्क

संतकबीरनगर। उप जिला निर्वाचन अधिकारी जय प्रकाश ने बताया कि भारत निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 62-संत कबीर नगर संसदीय लोकसभा क्षेत्र के लिए आगामी 29 अप्रैल 2024 को निर्वाचन की अधिसूचना जारी हो जाएगी। उन्होंने बताया कि लोक सभा सामान्य निर्वाचन-2024 में रिटर्रिंग आफिसर/सहायक रिटर्निंग आफिसर द्वारा 29 अप्रैल 2024 से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त किये जायेगें। इसके लिए कलेक्ट्रेट स्थित जिलाधिकारी न्यायालय कक्ष संख्या-03 को नामांकन स्थल बनाया गया है।

62-संत कबीर नगर लोक सभा निर्वाचन क्षेत्र हेतु उप जिलाधिकारी खलीलाबाद, उप जिलाधिकारी मेंहदावल, उप जिलाधिकारी धनघटा, उप जिलाधिकारी खजनी एवं उप जिलाधिकारी आलापुर सहायक रिटर्निंग आफिसर होगें। उन्होंने 62-संत कबीर नगर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र का लोकसभा निर्वाचन-2024 के संबंध में तिथिवार




कार्यक्रमों की जानकारी देते हुए बताया कि निर्वाचन आयोग द्वारा घोषित तिथियों के अनुसार निर्वाचन की अधिसूचना 29 अप्रैल को जारी हो जाएगी, नाम निर्देशन हेतु अंतिम तिथि 06 मई, नाम निर्देशनों की संवीक्षा/जांच 07 मई, नाम वापसी हेतु अंतिम तिथि 09 मई निर्धारित की गयी है। मतदान 25 मई एवं मतगणना का 04 जून को निर्धारित की गयी है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार 06 जून के पूर्व निर्वाचन पूर्ण कर लिया जाएगा।

## 60 प्रतिशत से कम होने वाले मतदान केंद्रों पर मतदान के लिए लोगों को किया जा रहा जागरुक

संतकबीरनगर (डीएनएन)। जिला निर्वाचन अधिकारी, जिला मजिस्ट्रेट महेंद्र सिंह तंवर के निर्देश के क्रम में व्यवस्थित मतदाता शिक्षा और चुनावी भागीदारी (स्वीप)ष् टम्म्च् ;लेजमउंजपब टवजमतश् म्कनबंजपवद दक म्समबजवतंस च्ंतजपबपचंजपवदद्ध कार्यक्रम के अन्तर्गत जिन बूथों पर 50 से 60 प्रतिशत तक मतदान हुये थे उन बूथों के मतदाताओं को जागरुक किये जाने हेतु प्राथमिक विद्यालय की शिक्षकों, सी0डी0पी0ओ0, आगनवाड़ी कार्यकत्री द्वारा विकास खण्ड-खलीलाबाद के ग्राम अनई, दलेलगंज, गड़सरपार, नाहरडीह एवं चन्दहर, विकास खण्ड-सेमरियावां के ग्राम रायपुर छपिया उर्फठोका, दशावां, डारीडीहा, चाईकला, अहिरौली द्वितीय एवं गंगैचा विकास खण्ड-बघौली के ग्राम पडोखर, माधोपुर, भक्ठी एवं मकदुमपु विकास खण्ड-मेहदावल के ग्राम नगपुर, श्रीनगर, बढ़या, साड़ेखुर्द, नरायनपुर एवं औरही, विकास खण्ड-सांथा के ग्राम परसा शुक्ल, हरैया, कटया, करमाकला एवं नेवारी कला, विकास खण्ड-बेलहरकला के ग्राम मंझरिया पठान, दुलहीपार एवं भिटिया,




विकास खण्ड-नाथनगर के ग्राम अम्मादेई ओनविलायी, अछती, अलीनगर, गायघाट गालिनपुर, गौराखुर्द, गोन्दौरा, गजाधरपुर एवं भिनखिनी खुर्द, विकास खण्ड-हैसर बाजार के ग्राम गायघाट, गौरंग, भेजनाथपुर, दुहिया खुर्द एवं टुकरौलिया नाइक में क्षेत्रीय लोक संगीत के माध्यम से मतदाता जागरुकता सम्बन्धी प्रचार-प्रसार किया तथा ग्रामीणों को मतदान दिवस आगामी 25 मई को उनके मत के प्रयोग करने हेतु जागरुक किया गया तथा लोकतंत्र में उनकी सहभागिता के महत्व के बारे बताया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्वतंत्र चेतना लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# तीसरे चरण की तीन सीटें ऐसी, जहां से आज तक संसद नहीं पहुंची महिलाएं

स्वतंत्र चेतना

लखनऊ। 18वीं लोकसभा चुनाव के तीसरे चरण में ब्रज और रुहेलखंड की 10 सीटों पर सात मई को मतदान होगा। पिछले लोकसभा चुनाव में संभल और मैनपुरी सीटों पर साइकिल दौड़ी थी, जबकि आठ सीटों पर कमल खिला था। इन सीटों में से तीन सीटें ऐसी हैं, जहां से आज तक कोई महिला सांसद बनकर संसद नहीं पहुंची है। बता दें, उप्र की 80 लोकसभा सीटों में से 34 ऐसी हैं, जहां से आज भी कोई महिला संसद की दहलीज तक नहीं पहुंच सकी है।

**तीसरे चरण की सीटें**

तीसरे चरण की दस सीटों में संभल, हाथरस (अ0जा0), आगरा (अ0जा0), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली शामिल हैं।

**इन तीन सीटों से महिला सांसद नहीं बनी**

आगरा (अ0जा0), फिरोजाबाद और एटा संसदीय सीट से अब तक कोई महिला सांसद चुनकर संसद नहीं पहुंची है। कुछ प्रमुख राजनीतिक दलों ने इन सीटों पर चुनाव लड़ाया भी



लेकिन हार के बाद फिर साहस नहीं दिखा सके। 2019 के चुनाव में आगरा सीट से कांग्रेस ने प्रीता हरित को मैदान में उतारा था। ये चुनाव भाजपा के प्रो0 एसपी सिंह बघेल ने 646,875 (56.46%) जीता। कांग्रेस प्रत्याशी मात्र 45149 (3.94%) वोट पाकर तीसरे स्थान पर रही। आगरा के अलावा कई दूसरी सीटों पर भी महिला प्रत्याशी मैदान में थी, लेकिन किसी को जीत नसीब नहीं हुई।

**आंवला से तीन बार चुनी गई महिला सांसद**

[illegible] सीट आंवला तीसरे आम चुनाव 1967 में अस्तित्व में आई। पहले चुनाव में कांग्रेस की सावित्री श्याम ने यहां जीत दर्ज की। 1971 के चुनाव में दोबारा कांग्रेस की टिकट पर सावित्री श्याम यहां से विजयी होकर संसद पहुंची। इस जीत के बाद साढ़े तीन दशक बाद 2009 के आम चुनाव में भाजपा प्रत्याशी मेनका गांधी ने जीत का झंडा गाड़ा। मेनका गांधी की जीत के बाद अब तक कोई महिला प्रत्याशी यहां जीत नहीं सकी। 2014 के चुनाव में बसपा प्रत्याशी सुनीता शाक्य मैदान में उतरी और तीसरे नंबर पर रही। वहीं, 2019 में बसपा की टिकट पर रुचिवीरा ने अपनी किस्मत आजमाई। रुचिवीरा दूसरे स्थान पर रही। 2009 से इस सीट पर भाजपा का कब्जा है।

**संभल और बरेली से दो बार महिला प्रत्याशी जीती**

संभल संसदीय सीट 1977 में अस्तित्व में आई। इस सीट पर हुए पहले चुनाव में भारतीय लोकदल (बीएलडी) उम्मीदवार शांति देवी ने कांग्रेस के जुगल किशोर को लगभग 1 लाख 33 [illegible] वोटों के बड़े अंतर से परास्त किया। 1980 के चुनाव में शांति देवी जनता पार्टी सेक्यूलर (जेएनपी-एस) की टिकट पर मैदान में उतरी। ये चुनाव कांग्रेस आई के प्रत्याशी बिजेंद्र पाल ने जीता। 1984 में शांति देवी ने कांग्रेस की टिकट पर यहां से जीत दर्ज की। इस जीत के बाद अब तक कोई महिला उम्मीदवार संभल से सांसद नहीं बनी।

झुमका नगरी बरेली अब तक हुए 17 आम चुनाव और एक उपचुनाव में दो बार महिला प्रत्याशी जीतने में सफल रही। 1981 में कराए गए उपचुनाव में पूर्व राष्ट्रपति फखरुद्दीन अली अहमद की पत्नी बेगम अबीदा अहमद कांग्रेस के टिकट पर मैदान में उतरी और विजयी रहीं। आबिदा बेगम को इस सीट पर पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल हुआ। 1984 के आम चुनाव आबिदा बेगम ने कांग्रेस आई की टिकट पर चुनाव लड़ा। आबिदा बेगम ने भाजपा के संतोष कुमार गंगवार को परास्त कर जीत दर्ज की। इस जीत के बाद अब तक बरेली से कोई महिला उम्मीदवार जीत हासिल नहीं कर सकी।

हाथरस (अ0जा0), मैनपुरी, बदायूं और फतेहपुरसीकरी संसदीय सीट पर एक-एक बार महिला प्रत्याशियों को वोटरों ने विजय माला पहनाई। हाथरस सुरक्षित सीट पर 2009 के आम चुनाव में राष्ट्रीय लोकदल (रालोद) उम्मीदवार सारिका सिंह ने जीत हासिल की। इस चुनाव में भाजपा-रालोद का गठबंधन था।

मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी लोकसभा सीट खाली हो गई तो 2022 में यहां पर उपचुनाव कराया गया। जिसमें समाजवादी पार्टी (सपा) से डिंपल यादव ने भाजपा के रघुराज सिंह शाक्य को हराकर जीत दर्ज की। मैनपुरी संसदीय सीट के इतिहास में डिंपल यादव को पहली महिला सांसद बनने का गौरव हासिल है।

2019 के चुनाव में बदायूं सीट से भाजपा उम्मीदवार डॉ. संघप्रिया गौतम ने सपा प्रत्याशी धर्मेन्द्र यादव को हराकर पहली महिला सांसद बनने का श्रेय प्राप्त किया।

फतेहपुर सीकरी संसदीय सीट 2009 में अस्तित्व में आई। पहले चुनाव में बसपा प्रत्याशी सीमा उपाध्याय ने जीत हासिल की। इसके बाद अब तक कोई महिला सांसद यहां से जीत नहीं सकी।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# लोकसभा चुनावः इस बार मतदान 49.80 पर सिमटा

गाजियाबाद, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)। सुबह 8 बजे से ही तेज धूप खिली हुई थी और दोपहर तक पारा-41 डिग्री सेल्सियस तक पहुंच गया था। जाहिर तौर पर गर्मी ने लोगों को घरों से निकलने से रोकने का काम किया। वहीं दूसरी ओर दिल्ली में नौकरी और पढ़ाई के साथ-साथ नौकरीपेशा लोगों की संख्या अधिक है, जोकि अधिकांश गाजियाबाद में निवास करते हैं। ऐसे में मतदान का प्रतिशत कम होना भी एक बड़ा कारण माना जाएगा। इसी के साथ शुक्रवार को मतदान के लिए अवकाश था, और शनिवार और रविवार का भी अवकाश है। ऐसे में तीन दिनों का वीकेंड हॉलीडे







मिलने के चक्कर में बृहस्पतिवार की रात को ही बड़ी संख्या में लोग यहां से लंबी वीकेंड पर निकल गए जिसका असर मतदान के प्रतिशत

- हैरानी की बात: नहीं दिखाया वोटर्स ने जोश, लोकतंत्र का पर्व मनाने में रहे खामोश
- चिलचिलाती तेज धूप, वीकेंड हॉलिडे और दिल्ली में छुट्टी न होना बना कम वोटिंग का कारण?

पर लोकसभा सीट गाजियाबाद में अधिक पड़ा है।

**इसी के साथ साल 2014 और 2019 से इस बार कम रहा मतदान**

तरूणमित्र टीम : आइए हम आपको पिछले चुनाव का भी सटीक आंकड़ा देते हैं, साल 2014 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान जहां 56.94 दर्ज किया गया था, लेकिन साल 2019 में यह घटकर 55.86 जा पहुंचा था।

इसी के साथ वर्ष 2024 में गाजियाबाद लोकसभा सीट का मतदान 49. 80 दर्ज किया गया है। कुल मिलाकर अगर कहा जाए तो बीते एक दशक के चुनाव के दौरान गाजियाबाद का यह मतदान प्रतिशत सबसे कम दर्ज किया गया।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० आज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# प्रशिक्षण के दूसरे दिन नदारद रहे 7 कार्मिकों पर दर्ज होगी प्रथम सूचना रिपोर्ट



**श्रावस्ती।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 में लगाये गये कार्मिकों का प्रशिक्षण अलक्षेन्द्र इण्टर कॉलेज भिनगा में शुक्रवार से कराया जा रहा है। प्रशिक्षण के दूसरे दिन आज शनिवार को जिला निर्वाचन अधिकारी कृतिका शर्मा प्रभारी अधिकारी कार्मिकध्मुख्य विकास अधिकारी अनुभव सिंह की अध्यक्षता में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारी प्रथम को प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण में मतदान सामग्री, ईवीएम, माकपोल, मशीन सील करना, वोटिंग क्लोज करना तथा पत्रक पर हस्ताक्षर करने सहित मतदान प्रक्रियाओं का बारीकी से प्रशिक्षण दिया गया। यदि कोई ईवीएम में अचानक खराबी आ जाए तो क्या करना आदि के बारे में विस्तार से बताया गया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने स्वयं मतदान कार्मिकों को ई0वी0 एम/वी0 वी0पैट संचालन के सम्बन्ध में विस्तृत जानकारी दी तथा मतदान दिवस के दिन मतदान को सकुशल सम्पन्न कराने हेतु मतदान कार्मिकों को निर्देशित भी किया। इस अवसर पर जिला निर्वाचन अधिकारी ने कहा कि मतदान की प्रक्रिया में पीठासीन अधिकारी एवं मतदान अधिकारियों की महत्वपूर्ण भूमिका है। ई0वी0एम0/वी0वी0पैट मशीन का संचालन करने के साथ ही पोलिंग पार्टी के मुख्यालय से रवाना होने से मतदान के पश्चात ई0वी0 एम0/वी0वी0पैट मशीन स्ट्रांगरूम में जमा होने तक पीठासीन अधिकारियों एवं मतदान अधिकारियों की मुख्य भूमिका रहती है। इसलिए सभी कार्मिक अपने दायित्वों के निर्वहन के बारे में बारीकी से जानकारी हासिल कर लें, ताकि भारत निर्वाचन आयोगं के मंशानुरूप लोकसभा निर्वाचन के मतदान को सकुशल, निर्विघ्न एंव सुचितापूर्ण ढंग से सम्पन्न कराया जा सके। प्रशिक्षण क्रमशः दो पालियों में प्रातः 10.00 बजे से अपरान्ह 12.00 बजे तथा अपरान्ह 02.00 बजे से सायं 05.00 बजे तक मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया। पीठासीन अधिकारी, मतदान अधिकारी प्रथम को मिलाकर दोनों पाली में कुल 1097 कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया जाना था, दोनों पाली में मिलाकर कुल 1090 मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण दिया गया तथा मतदान प्रारम्भ होने से लेकर मतदान की समाप्ति तक का विधिवत प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण के दौरान कुल 07 कार्मिक क्रमशः सहायक अध्यापक रचना देवी प्रा0वि0 अख्तर नगर, सहायक अध्यापक राजेश कुमार कम्पोजिट वि. दामोदरा, सहायक अध्यापक सुभावती जूनियर हाईस्कूल बलनपुर, सहायक अध्यापक पीयूष मिश्रा कम्पोजिट विद्यालय कोकल, सहायक अध्यापक प्रशान्त मिश्रा प्रा0 वि0 भिठौरा, सहायक अध्यापक अनुजा परासर कम्पोजिट विद्यालय जयचन्द्रपुर कटघरा एवं आयुष विभाग के औषधि निरीक्षक प्रीति सिंह नदारद पाये जाने पर उनके विरूद्ध लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत सुसंगत धाराओं में प्रथम सूचना रिपोर्ट दर्ज करायी गई है, अधिकारी/कर्मचारी निर्वाचन जैसे महत्वपूर्ण कार्य में शिथिलता बरतते पाये जायेंगे।

# तीसरे चरण के चुनाव में घट गई महिला उम्मीदवारों की दावेदारी

लखनऊ (स्पष्ट आवाज)। उप्र में तीसरे चरण के चुनाव के लिए 10 सीटों पर 7 मई को मतदान होगा। पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में महिला उम्मीदवारों की दावेदारी में कमी आई है। प्रमुख राजनीतिक दलों ने भी महिला उम्मीदवारों का टिकट देने में दरियादिली नहीं दिखाई। बता दें, पिछले चुनाव में 10 सीटों में केवल बदायूं सीट से महिला उम्मीदवार जीतकर संसद की दहलीज पार कर पाई थी।




**2019 में थी 13 महिलाएं उम्मीदवार**

तीसरे चरण में जिन दस सीटों पर चुनाव होना है उनमें संभल, हाथरस (अ0जा0), आगरा (अ0जा0), फतेहपुर सीकरी, फिरोजाबाद, मैनपुरी, एटा, बदायूं, आंवला और बरेली शामिल हैं। 2019 के चुनाव में कुल 115 उम्मीदवारों में से 13 महिलाएं थी। इस चुनाव में संभल सीट से 1, आगरा से 2, फतेहपुर सीकरी से 2, एटा और बदायूं से 1-1, और बरेली व आंवाला से 3-3 महिला प्रत्याशी मैदान में थीं। हाथरस (अ0जा0), फिरोजाबाद और मैनपुरी से कोई महिला उम्मीदवार चुनाव मैदान में नहीं थी

2019 के चुनाव आंकड़ों के मुताबिक, बदायूं संसदीय सीट से भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की उम्मीदवार डॉ. संघप्रिया गौतम ने जीत हासिल की थी। वहीं कांग्रेस उम्मीदवार प्रीता हरित आगरा से चुनाव मैदान में थी। प्रीता हरित तीसरे स्थान पर रही। 2022 में मुलायम सिंह यादव के निधन के बाद मैनपुरी सीट पर हुए उपुचनाव में समाजवादी पार्टी (सपा) की डिम्पल यादव ने जीत हासिल की थी। आंवला सीट से बहुजन समाज पार्टी (बसपा) उम्मीदवार रुचिवीरा रनर रहीं।

**2024 के चुनाव में घट गई दावेदारी**

2024 के आम चुनाव में तीसरे चरण की 10 सीटों पर कुल 100 उम्मीदवारों में नौ महिलाएं हैं। पिछले चुनाव के मुकाबले इस चुनाव में चार महिला उम्मीदवार घट गए हैं। प्रमुख राजनीतिक दलों की महिला उम्मीदवारों की बात की जाए तो सपा ने मैनपुरी से डिंपल यादव को मैदान में उतारा है। इसके अलावा किसी प्रमुख दल ने महिला उम्मीदवार को टिकट नहीं दिया। निर्वाचन आयोग के आंकड़ों के अनुसार, आगरा (अ0जा0), फतेहपुर सीकरी और फिरोजबाद सीट से 1-1, मैनपुरी और बदायूं से 2-2, आंवला और बरेली से 1-1 महिला प्रत्याशी चुनाव मैदान में अपनी किस्मत आजमा रही हैं। संभल, हाथरस (अ0जा0) और एटा तीन सीटों से कोई महिला प्रत्याशी मैदान में नहीं है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० स्पष्ट आवाज लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

## निर्वाचन क्षेत्र का व्यय प्रेक्षक ने किया भ्रमण

**बहराइच (स्पष्ट आवाज)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 हेतु भारत निर्वाचन आयोग द्वारा लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र-56 बहराइच (अ.जा.) के लिए नियुक्त व्यय प्रेक्षक टी. सेंथिल मुरूगन ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र बहराइच के भ्रमण के दौरान विभिन्न स्थानों पर तैनात की गई फ्लाईंग स्क्वायड टीम तथा एस.एस.टी. बैरियर का निरीक्षण कर आदर्श आचार संहिता व व्यय अनुवीक्षण का पालन कराये जाने हेतु संचालित की जा रही गतिविधियों के बारे में जानकारी प्राप्त की। हुजूरपुर रोड पर निरीक्षण के लिए व्यय प्रेक्षक ने कटी चौराहा बस स्टैण्ड के निकट एफ.एस.टी. तथा रानीपुर थाना के निकट एस.एस.टी. की गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए टीम प्रमुख नीरज कुमार वर्मा व अमर सिंह से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। इसके अलावा व्यय प्रेक्षक ने गोण्डा रोड पर दोनक्का चौराहा स्थित एस.एस.टी., बाबागंज चौराहा पर एफएसटी, आसाम चौराहा पर एसएसटी तथा रत्नापुर के निकट अशरफा चौराहा पर एफएसटी की गतिविधियों का जायज़ा लेते हुए आवश्यक दिशा निर्देश दिये। इस अवसर पर प्रेक्षक के लाईजन आफिसर जिला प्रोबेशन अधिकारी विनय कुमार सिंह मौजूद रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० तरुणमित्र लखनऊ...... दिनांक 28 APR 2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम की कमिश्निंग का किया निरीक्षण

▶ लोकसभा सामान्य निर्वाचन से सम्बंधित तृतीय चरण में होने वाले मतदान की परखी तैयारियां



**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** जिलाधिकारी/ जिला निर्वाचन अधिकारी रविन्द्र कुमार ने शनिवार को लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 के अन्तर्गत लोकसभा क्षेत्र 24-आंवला तथा 25-बरेली के तृतीय चरण में मतदान होने के क्रम में परसा खेड़ा स्थित राज्य भंडारण निगम परिसर में चल रहे ईवीएम की कमिश्निंग का निरीक्षण किया। जिला निर्वाचन अधिकारी ने निर्वाचन आयोग की गाइडलाइंस का अक्षरशः से अनुपालन किए जाने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिये।

निरीक्षण के समय जिला निर्वाचन अधिकारी ने मतदान पूर्व ईवीएम की पूर्णतः जांचकर तैयार करने सम्बंधी कार्यों का निरीक्षण किया तथा वेयरहाउस से मतदान कर्मियों को ईवीएम प्रदान करने तथा जमा कराने संबंधी कार्यों के बारे में विस्तार से दिशा निर्देश प्रदान किये। उक्त के अतिरिक्त ईवीएम के रखरखाव, सुरक्षा तथा सुरक्षा हेतु लगे सीसीटीवी कैमरों आदि का भी जायजा लिया गया।

निरीक्षण के समय अपर जिलाधिकारी(वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी संतोष बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी नगर सौरभ दुबे, एआरओ गण सहित सम्बंधित अधिकारीगण उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........दै० तरुणमित्र लखनऊ........ दिनांक 28 APR 2024

# जिला निर्वाचन अधिकारी ने ईवीएम वेयरहाउस का किया निरीक्षण

**प्रतापगढ़, 27 अप्रैल (तरुणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन-2024 को सकुशल, निष्पक्ष, शान्तिपूर्ण, पारदर्शी ढंग से सम्पन्न कराने हेतु जिला निर्वाचन अधिकारी/जिलाधिकारी संजीव रंजन ने पूरेकेशवराय गायघाट स्थित ईवीएम वेयर हाउस का निरीक्षण किया। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण में पाया गया कि विधानसभावार मतदान के दिन प्रयोग की जाने वाली ईवीएम एवं वीवीपैट मशीन की साफ-सफाई एवं टेस्टिंग का कार्य किया जा रहा था। ईवीएम और वीवीपैट का रेंडमाइजेशन सोमवार तक पूरा करने का



लक्ष्य निर्धारित किया गया है। जिलाधिकारी ने ईवीएम, वीवीपैट के रजिस्टरों को देखा एवं सम्बन्धित को आवश्यक दिशा निर्देश दिये। उन्होंने सुरक्षा कर्मियों को ईवीएम वेयरहाउस की कड़ी निगरानी करने हेतु निर्देशित किया। इस दौरान अपर जिलाधिकारी (वि./रा.)/उप जिला निर्वाचन अधिकारी त्रिभुवन विश्वकर्मा, मुख्य राजस्व अधिकारी राकेश कुमार गुप्ता, उपजिलाधिकारी सदर उदयभान सिंह सहित अन्य सम्बन्धित अधिकारी उपस्थित रहे।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# लोकसभा सामान्य निर्वाचन में एग्जिट पोल पर प्रतिबन्ध

**बरेली, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** भारत निर्वाचन आयोग ने लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126क की उपधारा (1) के अधीन शक्तियों का प्रयोग करते हुए उक्त धारा की उप-धारा (2) के उपबंधों के दृष्टिगत, 19 अप्रैल 2024 (शुक्रवार) को पूर्वाह्न 07:00 बजे तथा 1 जून 2024 (शनिवार) को अपराहन 06:30 बजे के बीच की अवधि को, ऐसी अवधि के रूप में अधिसूचित करता है जिसके दौरान वर्तमान लोकसभा के साधारण निर्वाचन और लोकसभा के साधारण निर्वाचन के साथ-साथ आयोजित कराए जाने वाले आंध्र प्रदेश, अरुणाचल प्रदेश, ओडिशा और सिक्किम विधानसभाओं के साधारण निर्वाचन, 2024 एवं 12 राज्यों में 25 विधानसभाओं के उप निर्वाचनों के संदर्भ में किसी भी प्रकार के एग्जिट पोल का आयोजन करने तथा प्रिंट या इलेक्ट्रॉनिक मीडिया द्वारा इसके परिणाम के प्रकाशन या प्रचार अथवा किसी भी अन्य तरीके से उसका प्रचार-प्रसार करने पर प्रतिबंध होगा।

यह भी स्पष्ट किया जाता है कि लोक प्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 126 (1) (ख) के अधीन उपर्युक्त साधारण निर्वाचनों एवं उप निर्वाचनों के संबंध में मतदान की समाप्ति के लिए नियत समय पर समाप्त होने वाली 48 घंटों की अवधि के दौरान किसी भी इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में किसी भी ओपिनियन पोल या किसी अन्य मतदान सर्वेक्षण के परिणामों सहित किसी भी प्रकार के निर्वाचन संबंधी मामले के प्रदर्शन पर प्रतिबंध होगा। यदि कोई व्यक्ति, जो इस धारा के उपबंधों का उल्लंघन करेगा दो वर्ष तक कारावास अथवा जुमार्ने से या दोनों से दंडनीय होगा।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम दै० तरुणमित्र लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

## प्रेक्षकगणों ने कन्ट्रोल रूम का किया निरीक्षण

**शाहजहांपुर, 27 अप्रैल (तरूणमित्र)।** लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 तथा ददरौल विधानसभा क्षेत्र के उप निर्वाचन को निष्पक्ष, पारदर्शी, निर्विघ्न व सकुशल ढंग से संपन्न करने के दृष्टिगत सामान्य प्रेक्षक बाबूलाल गोयल, जिला निर्वाचन अधिकारी उमेश प्रताप सिंह, पुलिस प्रेक्षक राजीव रंजन, व्यय प्रेक्षक अंबालाल नायक, पुलिस अधीक्षक अशोक कुमार मीणा ने कलेक्ट्रेट स्थित निर्वाचन कंट्रोल रूम का निरीक्षण किया। प्रेक्षकगणों ने निर्वाचन कार्य में लगाई गई एफएसटी, एसएसटी टीमों की लोकेशन देखी तथा दूरभाष से भी वार्ता कर लोकेशन ली। सीविजिल, 1950 तथा अन्य माध्यमों से प्राप्त शिकायतों के निस्तारण के संबंध में जानकारी ली।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ....दै० डेली न्यूज लखनऊ.... दिनांक ....28 APR 2024....

# सलोन संसदीय क्षेत्र अमेठी से 22 नामांकन पत्र खरीदे गए

नसीराबाद,रायबरेली। लोकसभा चुनावी सरगम तेज हो गए हैं शुक्रवार को संसदीय क्षेत्र अमेठी नामांकन पत्रों की खरीद के साथ चुनावी सरगर्मी तेज हो गई है। जहां मुख्य विपक्षी दल कांग्रेस के खाते में इंडिया गठबांन ने यह सीट दे रखी है। वहीं इस दल का प्रत्याशी अभी तक घोषित नहीं हुआ है। राजनीतिक गलियारे में राहुल गांधी के यहां से चुनाव लड़ने की जोर-शोर से चर्चा है। पांचवें चरण के निर्वाचन के लिए शुक्रवार को पहले दिन 15 लोगों द्वारा 22 सेट में नामांकन पत्र खरीदे गए। भारतीय जनता पार्टी की प्रत्याशी स्मृति जुबिन इरानी के लिए नामांकन पत्र के 2 सेट, निर्दलीय मिथुन जायसवाल और रामपाल के लिए 1-1 सेट, राष्ट्रीय मानव सम्मान पार्टी के सुरेश कुमार मौर्य के लिए 1सेट नामांकन पत्र खरीदे गए इनके अलावा चंद्रावती बहुजन मुक्ति पार्टी ने 1 सेट, संतोष कुमार निर्दलीय ने 1 सेट, सुरेश कुमार मौर्य निर्दलीय ने 2 सेट, अजय कुमार त्रिपाठी निर्दलीय ने 1 सेट, शैलेंद्र कुमार संयोगवादी पार्टी ने 2 सेट, सुनील कुमार जन प्रगति पार्टी ने 1 सेट, अनुराग श्रीवास्तव निर्दलीय ने 2 सेट में पर्चे खरीदे भगवान दीन पासी मौलिक अधिकार पार्टी ने 1 सेट, प्रदीप निर्दलीय ने 1 सेट, परेश कुमार भारतीय राष्ट्रीय दल ने 2 सेट और संतराम त्रिपाठी समझदार पार्टी ने 3 सेट में पर्चे खरीदकर चुनावी सरगर्मी में बढ़ोत्तरी की है। इस बार अमेठी में रोचक और कांटे की टक्कर होने के प्रबल आसार हैं।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ 28 APR 2024


समाचार पत्र का नाम दैनिक भास्कर लखनऊ दिनांक ..............

# मतदान प्रतिशत में जनपद को बनाएं अग्रणी : जिलाधिकारी

भास्कर ब्यूरो

**देवरिया।** जिलाधिकारी अखंड प्रताप सिंह ने आज सोशल मीडिया प्लेटफार्म से जनपदवासियों से संवाद कर लोकसभा सामान्य निर्वाचन 2024 के दृष्टिगत जिला प्रशासन द्वारा की जा रही तैयारियां के विषय में विस्तारपूर्वक चर्चा की। साथ ही डीएम ने जनपद के सभी मतदाताओं से आगामी एक जून को होने वाले मतदान में बढ़चढ़ कर भागीदारी निभाने का अनुरोध किया।

जिलाधिकारी ने अपने संबोधन में कहा कि 7वें चरण में देवरिया जनपद में मतदान होगा, जिसकी अधिसूचना 07 मई को जारी होगी। नामांकन 14 मई तक किया जा सकेगा एवं मतदान 01 जून को प्रातः 07 बजे से सायं 06 बजे तक होगा। जनपद में मतदाताओं की संख्या लगभग 18 लाख है। मतदाता सूची में नाम जुड़वाने के लिये पर्याप्त अवसर है। एक अप्रैल 2024 को 18 वर्ष की आयु पूर्ण करने वाले



युवा अधिसूचना के पूर्व 06 मई तक मतदाता सूची में अपना नाम जुडवा सकते है। इसके लिए बीएलओ के द्वारा अथवा वोटर हेल्प लाइन एप से भी आवेदन कर सकते है। आयोग द्वारा यह सुविधा दी गयी है। निर्वाचन आयोग द्वारा चुनाव का पर्व देश का पर्व, बढ़ चढ़ कर वोटिंग हो सके इसके लिये टारगेट दिया गया है। दूसरे चरण की वोटिंग समाप्त हो चुकी है। वोटरो में काफी उत्साह दिख रहा है। वोटिंग प्रतिशत बढाने के लिये अथक प्रयास किया जा रहा है। जनपद में 2514 बूथ है। बूथों पर भ्रमण किया जा रहा है। आवश्यक सुविधाये यथा प्रकाश,

- **छह मई तक कर सकते हैं मतदाता बनने का आवेदन : डीएम**
- **सी-विजिल और वोटर हेल्प लाइन एप का प्रयोग कर बनें जागरूक**

बिजली, पानी, शौचालय, रैम्प आदि की सुविधा को चेक किया जा रहा है। कई बूथो पर स्थिति अच्छी है, जहां कहीं भी कोई कमी पायी जा रही है उसे ठीक किया जा रहा है। आयोग के निर्देशानुसार सभी मतदान केंद्रों पर लू से बचाव के समुचित प्रबंध किए जाएंगे। कुछ वोटरों को विशेष वोटर माना जाता है। जो युवा 01 अप्रैल को 18 वर्ष के हो रहे है उनको फर्स्ट टाइम वोटर माना जा रहा है। 100 वर्ष अधिक उम्र के 817 वोटर हैं। विशेष कैटेगरी में दिव्यांग एवं ट्रान्सजेंन्डर वोटर आते है। निर्वाचन आयोग के निर्देशानुसार इस बार 85 वर्ष से अधिक आयु के वृद्ध मतदाताओं को घर बैठे वोटिंग की सुविधा उपलब्ध करायी जा रही है। डीएम ने कहा कि आदर्श आचार संहिता का अनुपालन कराने हेतु सी विजिल एप एक चमत्कारी एप है, जिसमें कोई भी रियल टाइम का फोटो खिंच कर डालतें है तो 100 मिनट के अन्दर एक्शन लेकर आयोग को बताना पडता है कि हमने एक्शन ले लिया है। वोटर हेल्पलाइन के माध्यम से मतदाता पर्ची, वोटर लिस्ट में आपका नाम, मतदान केन्द्र आदि का विवरण प्राप्त होता है। नो योर कंडिडेट आयोग ने लांच किया है। जिसके द्वारा निर्वाचन क्षेत्र में कौन कौन से प्रत्याशी निर्वाचन में खडे है, उनका नाम, और उनके बारे में जानकारी प्राप्त हो जाती है। 1950 एक टोल फ्री नम्बर है, जिस पर निर्वाचन से संबंधित शिकायत की जा सकती है, जिसका निवारण किया जाता है। इसे 24 घंटे सक्रिय रहने के लिए एक कन्ट्रोल रुम संचालित किया है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ
समाचार पत्र का नाम दै० अमृत विचार लखनऊ दिनांक 28 APR 2024

# किस बूथ पर है ड्यूटी, एसएमएस से मिलेगी जानकारी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

**अमृत विचार:** लोकसभा और पूर्वी विधानसभा उपचुनाव में ड्यूटी करने वाले मतदान कर्मियों को 29 अप्रैल को दो पाली में प्रशिक्षण दिया जाएगा। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार ने शनिवार को केकेसी डिग्री कॉलेज में मास्टर ट्रेनर्स को प्रशिक्षण दिया।

केकेसी डिग्री कॉलेज में मतदान कर्मियों के हाईटेक प्रशिक्षण केंद्र बनाया गया है। 40 कमरों में स्मार्ट बोर्ड लगाए गए हैं। स्मार्ट बोर्ड के माध्यम से मास्टर ट्रेनर्स मतदान कार्मियों को प्रशिक्षण देंगे। जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने ट्रेनिंग सेंटर पहुंच कर मास्टर ट्रेनर्स को दिया प्रशिक्षण।



केकेसी डिग्री कॉलेज में प्रशिक्षण देते जिला निर्वाचन अधिकारी सूर्यपाल गंगवार।

- **केकेसी डिग्री कॉलेज में बनाया गया हाईटेक प्रशिक्षण केंद्र, 29 को दिया जाएगा प्रशिक्षण**
- **स्मार्ट बोर्ड पर मास्टर ट्रेनर्स देंगे मतदान कार्मिकों को प्रशिक्षण**

उन्होंने बताया कि मतदान के लिए ड्यूटी पर लगाए गए लोगों के पास मोबाइल पर मैसेज आएगा। मैसेज डीएम एलकेओ के नाम से होगा। एसएमएस के माध्यम से कर्मियों को किस बूथ पर ड्यूटी है, सेक्टर मजिस्ट्रेट का नाम और मोबाइल नंबर के अलावा बंस नंबर की जानकारी मिलेगी।

**चुनाव से संबंधित शिकायत के लिए जारी किया मोबाइल नंबर -** कलेक्ट्रेट के पहली मंजिल पर पर चुनाव प्रेक्षकों के लिए विशेष कक्ष बनाया गया है। शनिवार को इस कक्ष में मेज कुर्सी, सोफा समेत अन्य फर्नीचर व्यवस्थित ढंग से लगाया गया। चुनाव के दौरान प्रेक्षक यहीं से चुनाव संबंधी गतिविधियों पर नजर रखेंगे। साथ ही चुनाव से संबंधित शिकायतों के लिए सूचना विभाग ने मोबाइल नंबर 7839011886 जारी किया है।

## प्रत्याशियों के खर्च पर नजर रखेगी टीम

**अमृत विचार, लखनऊ:** लोकसभा और विधानसभा उपचुनाव लड़ रहे प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए अलग से टीमें बनाई गई हैं। शनिवार को निर्वाचन के लिए तैनात व्यय प्रेक्षक सुदीप दबस ने बैठक की और चुनाव संबंधित कार्यों की समीक्षा की। प्रत्याशियों के चुनावी खर्च पर नजर रखने के लिए सात सदस्यीय टीम बनाई। इसमें जीएसटी, आबकारी और आयकर विभाग से एक-एक नोडल अधिकारी को तैनात किया गया है। इनके अलावा लीड बैंक मैनेजर को भी नोडल बनाया गया है। उनके अधीन लखनऊ और मोहनलालगंज के लिए तैनात किए गए सहायक व्यय प्रेक्षक कार्य करेंगे। टीम इस बात पर नजर रखेगी कि कोई प्रत्याशी चुनावी खर्च छिपा तो नहीं रहा है।

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ......दै० अमृत विचार लखनऊ...... दिनांक ......28 APR 2024......

# चौथे चरण की 13 सीटों के लिए चुनावी महारथी तैयार




राज्य ब्यूरो, लखनऊ

**अमृत विचार :** प्रदेश में चौथे चरण में 13 लोकसभा सीटों व शाहजहांपुर के ददरौल विधानसभा सीट पर उप चुनाव के लिए राजनीतिक दलों के चुनावी महारथी तैयार हैं। हालांकि, प्रत्याशियों की नाम वापसी 29 अप्रैल को होगी, इसके बाद औपचारिक तौर पर प्रत्याशियों की स्थिति साफ होगी। इस चरण में 13 मई को मतदान होगा।

इस बीच, सभी राजनीतिक दलों ने ताकत झोंक दी है। चुनावी सभाओं व जनसंपर्क के जरिये मतदाताओं को पक्ष में लाने की कवायद चल रही है। शनिवार को मुख्यमंत्री योगी ने इटावा में पार्टी प्रत्याशी के पक्ष में जनसभा की, जबकि सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने कानपुर देहात में चुनावी सभा की।

चौथे चरण में कुल लोकसभा सीटों में आठ सीटें सामान्य श्रेणी व पांच सीटें अनुसूचित जाति के लिए आरक्षित हैं। इस चरण में लोकसभा क्षेत्रों में 2.46 करोड़ मतदाता हैं, जिसमें 1.31 करोड़ पुरुष मतदाता, 1.15 करोड़ महिला मतदाता हैं। इन निर्वाचन क्षेत्रों में कुल 16334 मतदान केन्द्र व 26588 मतदेय स्थल (पोलिंग बूथ) हैं। ददरौल विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र में कुल 3.72 लाख मतदाता है, जिसमें 1.99 लाख पुरुष मतदाता व 1.72 लाख महिला मतदाता हैं।

## 13 मई को होगा मतदान

### शाहजहांपुर (अजा) सीट
भाजपा-अरुण कुमार सागर
सपा-ज्योत्सना गौड़
बसपा-दोद राम वर्मा

### सीतापुर सीट
भाजपा-राजेश कुमार वर्मा
कांग्रेस-राकेश कुमार
बसपा-महेन्द्र सिंह
अपना दल (कमेरावादी)-मो. काशिफ

### उन्नाव सीट
भाजपा-स्वामी सच्चिदानंद हरि साक्षी
सपा-अन्नू टंडन
बसपा-अशोक कुमार

### फर्रूखाबाद सीट
भाजपा-मुकेश राजपूत
बसपा- क्रांति पांडेय
सपा-नवल किशोर

### कन्नौज सीट
सपा-अखिलेश यादव
भाजपा-सुब्रत
बसपा-इमरान बिन जफर

### कानपुर सीट
भाजपा-रमेश अवस्थी
बसपा-कुलदीप भदौरिया
कांग्रेस-आलोक मिश्रा

### खीरी सीट
भाजपा-अजय कुमार
सपा-उत्कर्ष वर्मा
बसपा-अंशय कालरा

### धौरहरा सीट
भाजपा-रेखा वर्मा
सपा-आनंद भदौरिया
बसपा-श्याम किशोर अवस्थी

### हरदोई (अजा) सीट
भाजपा-जय प्रकाश
सपा-ऊषा वर्मा
बसपा-भीमराव अम्बेडकर

### मिश्रिख (अजा)
भाजपा-अशोक कुमार
बसपा- बीआर अहिरवार
सपा-संगीता राजवंशी

### इटावा (अजा) सीट
भाजपा-प्रो. राम शंकर कठेरिया
सपा-जितेन्द्र कुमार
बसपा-सारिका सिंह

### बहराइच सीट
भाजपा-आनंद कुमार
बसपा-बिरजेश कुमार
सपा-रमेश चन्द्र

### अकबरपुर सीट
भाजपा-देवेन्द्र सिंह भोले
बसपा-राजेश कुमार द्विवेदी
सपा-राजाराम पाल

### ददरौल विधानसभा सीट
भाजपा-अरविंद कुमार सिंह
बसपा-सर्वेश चन्द्र मिश्रा
सपा-अवधेश कुमार वर्मा

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग (निरीक्षा प्रभाग) उत्तर प्रदेश, लखनऊ

समाचार पत्र का नाम ........ दै० अमृत विचार लखनऊ ........ दिनांक ........ 28 APR 2024

## मतदाता जागरूकता मेले में दिखी बेटियों की प्रतिभा

अमृत विचार, लखनऊ : राजकीय बालिका इंटर कॉलेज शाहमीना रोड में मतदाता जागरूकता से संबंधित मेले का आयोजन शनिवार को किया गया। इस मेले में जिला विद्यालय निरीक्षक राकेश कुमार, सह जिला विद्यालय निरीक्षक जयशंकर श्रीवास्तव, सह निरक्षक आंग्ल भारतीय विद्यालय मनीषा द्विवेदी शामिल हुई। इस मौके पर भारी संख्या में छात्राएं व उनके अभिभावक कार्यक्रम में शामिल हुए। मेले में छात्राओं ने नाटक पत्रिका प्रस्तुत की और चटोरी गली सहित अलग-अलग मॉडलों का प्रदर्शन किया। इस दौरान सभी अभिभावकों को 20 मई को अपने मताधिकार का प्रयोग करने की शपथ भी दिलाई गई।